दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 96
कोटद्वार मंगलवार
1 अगस्त 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## द्वारका एक्सप्रेसवे परियोजना जल्द पूरी होगी : गडकरी

**गुरुग्राम ,(एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि द्वारका एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही इस पर यातायात शुरू हो जाएगा। गुडग़ांव के सेक्टर 9ए में इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसाइटी और चाणक्य वार्ता परिवार द्वारा स्थापित किए जाने वाले इंडिया इंटरनेशनल कल्चरल सेंटर के शिलान्यास और तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए गडकरी ने यह बात कही।मंत्री ने कहा कि जैसे ही इस एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा हो जाएगा, द्वारका और पुराने गुरुग्राम क्षेत्र के निवासी दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का उपयोग करके सोहना के माध्यम से केवल दो घंटे में जयपुर पहुंच सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से गुरुग्राम-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का बोझ होगा।केंद्रीय मंत्री ने कहा, दिल्ली में बन रही नई आउटर रिंग रोड का काम अगले छह महीने में पूरा हो जाएगा। इसके बाद पानीपत से आईजीआई एयरपोर्ट तक का सफर दो घंटे की जगह सवा घंटे में पूरा होगा। इससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में शिवमूर्ति के पास इस रोड पर आठ लेन जमीन के अंदर और आठ लेन जमीन के ऊपर मजबूत सड़क नेटवर्क तैयार किया जा रहा है।

# पीएम मोदी के आगे पेश किया समग्र विकास व योजनाओं का रिपोर्ट कार्ड

## राज्य मार्गों को उच्चीकृत किया जाना नितांत आवश्यक : सीएम



**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखंड के विकास में उनके मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को स्थानीय भांग के रेशे की शॉल बेडू के उत्पाद तथा नंदा देवी राजजात की परम्परागत वाद्य यंत्रों ढोल, दमाऊं, रंणसिंघा युक्त प्रतिकृति भी भेंट की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून में सड़कों पर परिवहन के दबाव को एक अत्याधुनिक एवं ग्रीन मास रैपिड ट्रांजिट प्रणाली द्वारा कम करने और जनमानस को सुरक्षित यातायात की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत देहरादून मेट्रो नियो परियोजना प्रस्तावित की गई है। विस्तृत तकनीकी अध्ययन के उपरांत इस परियोजना की डी०पी०आर०, जिसमें दो कॉरिडोर्स (कुल लम्बाई 22.424 कि०मी०) तथा कुल लागत रू0 1852.74 करोड़ है, के प्रस्ताव पर भारत सरकार से अनुमोदन प्राप्त किये जाने के लिए आवासन एवं शहरी विकास कार्य मंत्रालय, भारत सरकार को प्रेषित किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जी से परियोजना के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किए जाने का अनुरोध किया।मुख्यमंत्री ने ऑलवेदर रोड चारधाम सड़क परियोजना के लिया आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2023 के लिए केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि (सी०आर०आई०एफ०) के कार्यों हेतु प्रदेश के जनप्रतिनिधियों से प्राप्त कुल 155 कार्यों के रू0 2550.15 करोड़ के प्रस्तावों पर स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया था। मंत्रालय द्वारा रू० 250.00 करोड़ के कार्यों में सहमति प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री ने अवशेष कार्यों की स्वीकृति दिलाए जाने का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत वर्षों से राज्य में पर्यटकों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि होने से राज्य मार्गों में यातायात दवाब में बढ़ोत्तरी हुयी है। राज्य मार्गों को उच्चीकृत किया जाना नितांत आवश्यक है। इस सम्बन्ध में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में ही 06 मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में उच्चीकत किये जाने की सैद्धांतिक सहमति दी गयी है। इसके अतिरिक्त 189 किमी0 के काठगोदाम-भीमताल ध्यानाचुली-मोरनोला-खेतीखान लोहाघाट-पंचेश्वर मोटर मार्ग को पर्यटन / सैन्य आवागमन एवं आम जनमानस के लिए नितान्त उपयोगी होने के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में अधिसूचित किया जाना निवेदित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत-नेपाल सीमा पर टनकपुर से पिथौरागढ़ तक दो लेन मार्ग का निर्माण चारधाम परियोजना के अन्तर्गत निर्मित है। पिथौरागढ़ से लिपुलेख तक की सीमा मार्ग को बी0आर0ओ0 द्वारा विकसित कर दिया गया है।पिथौरागढ़-लिपुलेख मार्ग में स्थित गुंजी गांव से जौलिंगकांग तक के भाग को भी बी०आर०ओ० द्वारा निर्मित कर लिया गया है। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग, जोशीमठ, लप्थल- बारहहोटी तक 02-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग का काम भी लगभग पूर्ण हो चुका है। भारत-चीन सीमा में वर्तमान में कोई ऐसा मार्ग नहीं है जो जनपद पिथौरागढ़ के जौलिंगकांग आई०टी०बी०पी० पोस्ट को जनपद चमोली के लप्थल से आई०टी०बी०पी० पोस्ट को सीधे संयोजित करता है।

## नूंह में धारा-144, इंटरनेट बंद: धार्मिक यात्रा पर पथराव के बाद हालात तनावपूर्ण

**नूंह, एजेंसी।** नूंह के उपायुक्त प्रशांत पंवार ने जिलावासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी भाईचारे के साथ मिलकर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बृजमंडल धार्मिक यात्रा के दौरान हुई हिंसक घटना निंदनीय है, ऐसे में जिला प्रशासन लोगों से अपील करता है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर धारा-144 लागू की गई है। जिले में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

वे आज अपने कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर जिला प्रशासन की कड़ी नजर है और उपद्रव फैलाने की इजाजत किसी को भी नहीं है।

# मणिपुर हिंसा को लेकर सदन में विपक्ष का हंगामा, राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा में मणिपुर की स्थिति पर चर्चा को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने सोमवार को जमकर हंगामा किया जिसके कारण नियम 176 के तहत इस पर अल्पकालिक चर्चा शुरू नहीं हो सकी और चार स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। भोजनावकाश के बाद दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न 3:30 बजे कार्यवाही शुरू होने पर पक्ष और विपक्ष के सदस्य अपनी अपनी सीटों से उठकर नारेबाजी करने लगे। शोरगुल के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सदन में जो कुछ हो रहा है, उसे देश देख रहा है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

इसके बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने हंगामे के बीच कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है। सभापति भी इसकी अनुमति दे चुके हैं। इस पर चर्चा अभी शुरू की जानी चाहिए। हालांकि इसके बाद भी सदन में भारी हंगामा जारी रहा जिसके कारण सभापति ने सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले सुबह के दो बार के स्थगन के बाद कार्यवाही शुरू होने पर सभापति ने नियम 176 के तहत मणिपुर मुद्दे पर कार्यस्थगन कर



अल्पकालिक चर्चा शुरू किए जाने की घोषणा की। इसी दौरान कांग्रेस के सदस्य विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को अपनी बात कहने देने की मांग करने लगे। हालांकि श्री धनखड़ ने श्री खड़गे को बोलने की अनुमति नहीं दी।सभापति ने कहा कि 20 जुलाई 2023 को इस संबंध में वह व्यवस्था दे चुके हैं और उसके बाद इस मुद्दे पर नियम 276 के तहत दिए गए कोई भी नोटिस स्वीकार नहीं हुआ है। उसी दिन नियम 176 के तहत चर्चा कराने की घोषणा की गई थी और अब नियम 176 के तहत ही अल्पकालिक चर्चा होगी और चर्चा की शुरूआत करने के लिए उन्होंने असम गण परिषद के बीरेन्द्र प्रसाद वैश्य का नाम पुकारा। श्री वैश्य बोलने के लिए खडे हुये लेकिन विपक्ष के सदस्य भारी शोरगुल करने लगे जिसके कारण वह बोल नहीं सके।इसी दौरान सत्तापक्ष के सदस्य भी नारेबाजी करने लगे जिसके कारण सदन में भारी हंगामा होने लगा। इसी दौरान सभापति ने दोपहर 2.11 बजे कार्यवाही को तीसरी बार 2.30 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद कार्यवाही शुरू होने पर कांग्रेस सदस्य के साथ ही लगभग सभी विपक्षी सदस्य जोर जोर से नारेबाजी करने लगे। तभी सभापति ने कहा कि सभी दलों के सदन के नेता उनके कक्ष में आकर अपराह्न 2.45 बजे मिलें और इसका समाधान निकालने पर विचार करें। इसी के साथ ही उन्होंने सदन की कार्यवाही अपराह्न 3.30 बजे तक स्थगित कर दी।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Industrial Tour
• Value Added Courses @ 0% cost
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:Info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# देवाल की अधिकांश सड़कें बारिश के दौरान मलबा आने से बंद



चमोली। देवाल की अधिकांश सड़कें बारिश के दौरान मलबा आने से बंद चल रही है। इसको लेकर क्षेत्र प्रमुख डॉ. दर्शन दानू की अध्यक्षता में लोनिवि, पीएमजीएसवाई, एनपीसीसी कम्पनी के बीच संयुक्त समीक्षा बैठक हुई। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि जल्द से जल्द बंद सभी सड़कों को खुलवाया जाए। सोमवार को प्रमुख दानू ने देवाल खेता मानमती मोटर के डेंजर जोन सुयालकोट में वैली ब्रिज बनाने का प्रस्ताव रखा। इसके साथ ही सुयालकोट में परमानेंट जेसीबी मशीन रखने, तोरती, हरमल, बेराधार, बलाड , देवसारी मोटर मार्ग शीध्र खोलने, ग्वालदम नंदकेशरी मोटर मार्ग में बनें गढ्ढो को भरने, देवाल लोहाजंग वाण मोटर मार्ग के ल्वाणी में कीचड़ हटाने, बोरागाड चौड व देवाल घेस, सुया मोटर मार्ग के गड्ढों व झाड़ियां साफ करने, देवस्थली सड़क पर दीवाल लगाने, वन विभाग से ऐराठा, सूबलीगाड पिनाऊ नलधूरा पैदल सड़क को ठीक करने आदि के दिशा–निर्देश दिए हैं। बैठक में कनिष्ठ प्रमुख हीरा सिंह, सुरेन्द्र सिंह, कला बिष्ट, उर्वी दत्त, नरेन्द्र बागड़ी, क्षेपंस पान सिह, रमेश राम ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा।

## ग्रामीण क्षेत्रों में मिले कई लोगों में आई फ्लू के लक्षण

रुद्रप्रयाग। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखोली की स्वास्थ्य टीम ने पीएचसी सौंराखाल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश पुंडीर के नेतृत्व में तिलवाड़ा से सटे सुमाड़ी क्षेत्र के रिनाउन पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. पुंडीर ने बताया कि शिविर में रिनाउन पब्लिक स्कूल के 28, विद्या मंदिर के 7, इंटर कालेज के 3 छात्रों और 12 स्थानीय ग्रामीणों में आई फ्लू के लक्षण पाए गए।

सभी को दवाई वितरित करने के साथ ही जागरूक किया गया। तिलवाड़ा क्षेत्र में लोगों की मांग पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तिलवाड़ा व उसके समीपवर्ती गांवों में आई स्क्रीनिंग की। जखोली ब्लाक के सुमाड़ी में भी आई कैंप लगाकर आई स्क्रीनिंग की गई। लोगों को आई फ्लू से बचाव के बारे में जागरूक किया गया।

# सिडकुल श्रमिकों ने अफसरों के घेराव की चेतावनी दी



हरिद्वार। सिडकुल में कार्यरत श्रमिकों ने लेबर चौक के नजदीक एक बैठक का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री सुमित सिंघल ने कहा कि सिडकुल में कर्मचारियों का उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित नियमों को सिडकुल में पूरा नहीं किया जा रहा है। सिंघल ने सभी श्रमिकों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही श्रमिकों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो श्रम अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।बैठक में कहा गया कि कर्मचारियों को सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेज भी नहीं दिया जा रहा है। ठेकेदारी के माध्यम से कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। फैक्ट्रियों में बहुत से ठेकेदार ऐसे हैं, जो कर्मचारियों का ईएसआईसी और पीएफ तक नहीं काट रहे हैं। कई फैक्टरियों में महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए बनाए जाने वाली समिति का गठन नहीं किया गया है। बैठक में राजा दीक्षित, शुभम कुमार, अनुराग मिश्रा, विपिन गुप्ता, धीरज कुमार, रमेश गोसाई, धर्मेंद्र अग्रवाल, संतोष कुमार,जय नारायण,अंकित कुमार,अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

# बीडीसी जखोली बैठक में बिजली, पानी,सड़कों के मुद्दे छाये रहे

रुद्रप्रयाग। क्षेत्र पंचायत जखोली की बैठक में अनुपस्थित रहे विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, डीएफओ व पशु चिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही जल संस्थान के एई, जेई के अनुपस्थित रहने पर स्थानांतरण करने का प्रस्ताव सदन में पास हुआ। बैठक में पेयजल, शिक्षा, विद्युत, सड़क सहित विभिन्न विभागों से संबंधित जन समस्याओं पर चर्चा की गई।

क्षेत्र पंचायत जखोली की बैठक ब्लॉक प्रमुख प्रदीप थपलियाल की अध्यक्षता में ब्लॉक सभागार में आयोजित की गई। ब्लाक प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को आपसी समन्वय स्थापित कर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया है। उन्होंने अतिथि शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मानदेय भुगतान न होने पर बीईओ जखोली से शीघ्र मानदेय का भुगतान करने की कार्रवाई करने को कहा है। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा सदन में जो भी समस्याएं रखी गई हैं, सम्बन्धित विभाग अगली बैठक होने से पूर्व प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करना सुनश्चिति करें। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने चमोली में हुए हादसे को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ नाराजगी दर्ज करते हुए कहा कि विभाग को पेड़ो पर लटके व झूलते तारों को समय रहते ठीक करना चाहिए। क्षेत्र में बंदरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए कार्यवाही करने की मांग की। क्षेपंस भूपेंद्र सिंह भंडारी ने क्षेत्र में फेरी वालों पर अंकुश लगाने, राजकीय महाविद्यालय जखोली में पीजी कक्षाओं की स्वीकृति व पालिटेक्निक में इलेक्ट्रीकल ट्रेड स्वीकृत करने की मांग की। क्षेपंस मयाली आशीष नेगी ने मयाली बाजार में नदी तट से सुरक्षा दीवार निर्माण करने, प्रधान ढौंडा हरीश शाह ने गांव में आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग की है।

## योजनाओं का लाभ जनता को दिलायें अधिकारीः डीएम

नई नई टिहरी। जिला सभागार में आयोजित जनता दरबार में शिकायतें सुनते हुए डीएम मयूर दीक्षित ने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सरकार की संचालित योजनाओं का लाभ जरूतर मंदों को हरहाल में दिलाना अधिकारी सुनिश्चित करें। जनता दरबार में डीएम ने 33 शिकायतों का निस्तारण किया। डीएम ने विभागीय निर्माण कार्यों को एनआईसी की वेबसाइट पर अपलोड करने को कहा। लोक निर्माण एवं पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को आपदा के तहत तत्काल प्रस्ताव मुहैया करवाने को कहा। शिक्षा, समाज कल्याण, बाल विकास विभाग को दूरस्थ क्षेत्रों में निष्क्रिय आधार मशीनों की स्थिति व उन्हें सुचारू करवाने के निर्देश दिए। वहीं, शिकायत करते हुए ग्राम फैगुल निवासी रूकमा देवी ने भूमि पर अवैध पत्थरों का खनन होने के कारण मकान में दरार से नुकसान की बात कही। जिस पर डीएम ने एसडीएम टिहरी को मौके पर जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ग्राम गढ़ निवासी बालेन्दु उनियाल ने हेंवल नदी के कंटरिया नामे तोक में क्षतिग्रस्त पैदल पुल के स्थान पर नया पुल बनाने की मांग की। जिस पर एसडीएम टिहरी एवं सीआरए को प्रस्ताव की जांच के साथ इस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वार्ड नंबर सात बुरांसबाड़ चम्बा निवासी प्रवेश चन्द रमोला ने खेत में खुली केबल से करन्ट आने से खतरा के चलते उसे हटवाने का अनुरोध किया।

## नारसन में फसलें जलमग्न, किसान परेशान



रुड़की। मेहनत के साथ उगाई गई फसलों के एक झटके में ही खराब हो जाने से किसान परेशान हैं। किसानों को अब सरकारी मदद का इंतजार है।बरसात में फसल के बर्बाद होने के बाद देहात क्षेत्र में यही चर्चा है कि अब किसान का क्या होगा। नारसन इलाके में खेती की सैकड़ों हेक्टेयर भूमि पूरी तरह से जलमग्न है। खेतों से पानी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जैसे ही पानी कम होने लगता है तो फिर से बरसात हो जाती है। इलाके में ज्यादातर गन्ने की फसल के अलावा पशुओं के चारे के लिए ज्वार, बाजरा आदि की फसल उगाई जाती है। क्षेत्र में धान की खेती किसान कम ही करते हैं। गन्ने की खेती कुछ समय के लिए जलभराव को भी सहन कर लेती है। लेकिन इस बार खेतों में पानी भरे हुए 10 दिन से ज्यादा का समय बीत चुका है। ऐसे में फसल का बर्बाद होना शुरू हो गया है। नारसन कलां के किसान सुबोध कुमार ने बताया कि करीब पांच बीघा गन्ना पीला पड़कर पूरी तरह नष्ट हो गया है। छोटी जोत वाले किसान हैं। लिहाजा उसे भविष्य की चिंता सता रही है। बुजुर्ग दीपचंद सिंह ने बताया कि किसान पहले से ही परेशान है।

प्राकृतिक आपदा ने उसकी समस्या बढ़ा दी है। गौरव कुमार का कहना है कि खेती को छोड़कर किसान कुछ और कार्य भी नहीं कर सकते।

## एक नजर

### सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने की जानकारी दी

देहरादून। उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) और टाटा कंसल्टिंग के द्वारा सोमवार को सामाजिक और पर्यावरणीय सुरक्षा व परियोजना में लैंगिक समानता विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान मजूदरों को सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने की जानकारी दी गई। अजबपुर में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम निदेशक विनय मिश्रा ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। पर्यावरण विशेषज्ञ अंजंली सेमवाल ने परियोजना में पर्यावरणीय व सामाजिक सुरक्षा में निर्माणकर्ताओं की भागीदारी के विषय पर जानकारी दी। इसके बाद परियोजना प्रबंधक जतिन सिंह, डॉ सुधांशु कौशिक आदि ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान यूयूएसडीए के सहायक अभियंता संजीव कुमार, एसके वर्मा, अमित सैनी, अनिल सिंह रावत, राजवीर सिंह, टीसी पंत आदि मौजूद थे।

### डीबीएस में मनाई जगेंद्र स्वरूप की पुण्यतिथि

देहरादून। डीबीएस पीजी कालेज में दयानंद शिक्षण संस्थान के पूर्व महामंत्री और यूपी विधान परिषद के सदस्य रहे स्व जगेंद्र स्वरूप की पुण्य तिथि मनाई गई। इस दौरान उनको श्रदांजलि देकर याद किया गया। इस दौरान कालेज प्राचार्य डा. वीसी पांडे ने कहा कि स्व. जगेंद्र स्वरूप बेहद ही दूरदर्शी सोच और उच्च विचारों वाले थे। उन्होंने शिक्षा के विकास के लिए काफी कुछ किया। आज हजारों की तादात में छात्र उनकी ही बदौल बेहद कम दामों पर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा ले रहे हैं।

उप प्राचार्य डा. अनिल पाल ने कहा कि स्व. जगेंद्र स्वरूप ने जीवन के अंतिम क्षणों तक उन्होंने सदैव दूसरों की भलाई के ही कार्य किए। सभी को साथ में लेकर चलने का उनका जज्बा बेहद ही सराहनीय रहा था।

श्रदांजलि देने वालों में डा. जेपी गुप्ता,डा. अरविंद कुमार, डा. जयपाल, डा. चेतना बिष्ट, डा. महिमा श्रीवास्तव,डा. कमल सिंह बिष्ट, राम सुभाग, जगदीश चंद्र जोशी, बीके प्रसाद, चेतन और माधवानंद आदि उपस्थित रहे

# रोजगार की मांग को लेकर निर्माण कार्य रुकवाया



विकासनगर। लखवाड़–व्यासी युवा श्रम संविदा सहकारी समिति ने सोमवार को परियोजना स्थल पर धरना प्रदर्शन करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। समिति से जुड़े युवाओं का कहना है परियोजना के तहत स्थानीय लोगों को रोजगार देना प्राथमिकता होनी चाहिए। समिति के अध्यक्ष अभय प्रताप ने कहा कि बांध परियोजना के तहत निर्माणदाई संस्थाएं बाहरी लोगों को रोजगार दे रही हैं, जबकि स्थानीय प्रभावित युवा बेरोजगार हैं। जिन परिवारों की जमीन बांध निर्माण के लिए अधिग्रहीत की गई हैं, उन्हें भी रोजगार से वंचित रखा जा रहा है। कहा कि योग्यता के अनुसार स्थानीय युवाओं को ही रोजगार दिया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों की आय का प्रमुख साधन कृषि है, लेकिन कृषि भूमि को अधिग्रहीत कर दिया गया है, जिससे करीब 32 गांवों के किसान भूमिहीन हो गए हैं। उन्हें परियोजना के तहत रोजगार दिया जाना जरूरी है। बाहरी ठेकेदारों और उनकी मशीनों को हटाकर स्थानीय प्रभावितों को ही वरीयता दी जानी चाहिए। परियोजना स्थल पर धरना प्रदर्शन और निर्माण कार्य बंद कराने की सूचना पर कार्यदाई संस्था के अधिकारी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर उनकी मांगों का सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद शाम चार बजे प्रदर्शनकारी परियोजना स्थल से हटे, लेकिन एक सप्ताह में सभी मांगों पर कार्यवाही नहीं होने पर निर्माण कार्य अनिश्चितकाल के लिए बंद कराने की चेतावनी दी।

## तहसील प्रशासन ने दबोचा 8 लाख का बकायेदार

ऋषिकेश। ऋषिकेश तहसील के राजस्व विभाग ने बकायेदारों की सूची बनाकर धरपकड़ अभियान शुरू कर दिया है। सोमवार को प्रशासन की टीम ने श्रम न्यायालय से दंडित बकायेदार को उसके घर से दबोच कर आठ लाख रुपये की वसूली की। जानकारी के मुताबिक गायत्री फार्म निवासी एक शख्स को लेवर से सबंधित किसी मामले में श्रम न्यायालय देहरादून द्वारा दोषी करार देकर आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। लेकिन एक माह बीतने पर भी व्यक्ति ने जुर्माने की धनराशि जमा नहीं कराई। इसके बाद मामला ऋषिकेश तहसील के राजस्व विभाग को वसूली के लिए सौंपा गया।

## प्लॉट बेचने के नाम पर 15 लाख की ठगी में बिल्डरों पर केस

हरिद्वार। भूमि खरीदे बिना ही आवासीय कालोनी में भूखंड बेचने के नाम पर दिल्ली की एक महिला से पंद्रह लाख की रकम ठग ली गई। पीड़िता ने दिल्ली के ही ऑक्टागॉन बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स के दो सगे भाइयों के खिलाफ बहादराबाद थाने में धोखाधड़ी समेत प्रभावी धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है।दिल्ली के पुराना राजेंद्र नगर निवासी निवेदिता शर्मा पत्नी दीनदयाल शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अप्रैल 2013 में मैसर्स ऑक्टागॉन बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड से हरिद्वार में आवासीय कालोनी में भूखंड खरीदने के लिए संपर्क साधा था। आरोप है कि उस वक्त आमजन को भ्रम में डालने के लिए अखिल भारतीय आवासीय योजना का नाम दिया गया था, जिससे आमजन से रकम हड़पी जा सके। आरोप है कि उसने तब 150 वर्ग गज का प्लाट बुक कराते हुए पांच हजार की रकम दी थी। कंपनी के कर्मचारियों ने उसकी मुलाकात कंपनी निदेशक कुलदीप नन्द्राजोग से कराई थी, जिसके बाद आवासीय कॉलोनी में भूखंड आवंटित कर देने की बात कही गई थी। वर्ष 2015 को एक लिखित एनओसी मिलने के बाद उसने पंद्रह लाख से अधिक की रकम अदा कर दी थी, जिसके बाद जल्द ही बैनामा करा देने का भरोसा दिलाया गया था। आरोप है कि कंपनी के निदेशक ने उसके भूखंड का एरिया बढ़ाकर 165 वर्ग गज कर दिया था,

# ग्रीष्मकालीन अवकाश को दो भागों में विभाजित करने का सुझाव

देहरादून। मानसून अवकाश पर शिक्षक संगठनों ने सरकार को सुझाव देने शुरू कर दिए। राजकीय माध्यमिक शिक्षक संघ ने सरकार गर्मियों के अवकाश को दो भागों में विभाजित करने का सुझाव दिया है। दूसरी तरफ, प्राथमिक शिक्षक संघ की हरिद्वार शाखा ने सरकार से मानसून अवकाश केवल पर्वतीय जिलों में रखने की पैरवी की है। मालूम हो कि शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मानसून के दौरान छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा के मददेनजर मानसून अवकाश शुरू करने की घोषणा की है।राजकीय माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय राजपूत ने कहा कि प्रदेश मानसून के दौरान छात्रों के साथ साथ शिक्षकों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए 27 मई से 30 जून तक रहने वाले गर्मियों के अवकाश को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है। बाकी बरसात के दिनों में तीन अवकाश डीएम और तीन ही अवकाश प्रधानाचार्य के विवेकाधीन होते हैं। इससे मानसून अवकाश को अच्छा पूल बन सकता है। राजपूत ने कहा कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रघुवीर सिंह पुंडीर ने कहा कि वास्तव में पर्वतीय क्षेत्रों में मानसून के दौरान काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस अवधि में अवकाश रहने से न केवल छात्र बल्कि शिक्षक भी सुरक्षित रहेंगे। साथ ही अवकाश तय होने से बरसात के दिनों में प्रशासन के स्तर से स्कूल बंद होने से पढ़ाई का भी नुकसान होता है। अवकाश तय होने से स्कूलों शैक्षिक कैलेंडर को भी पूरी तरह से लागू किया जा सकेगा।प्राथमिक शिक्षक संघ की हरिद्वार शाखा के अध्यक्ष मुकेश चौधरी और जिला मंत्री जितेंद्र चौधरी ने डीजी–शिक्षा बंशीधर तिवारी को ज्ञापन भेजते हुए मैदानी जिलों में ग्रीष्मावकाश की व्यवस्था यथावत रखने की पैरवी की।

## दुकान में घुसकर मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। दुकान में घुसकर महिला से मारपीट और छेड़छाड़ में शामिल तीन आरोपी सोमवार को डालनवाला थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिए। इंस्पेक्टर डालनवाला राजेश साह ने बताया कि 29 जुलाई को करनपुर में दुकान चलाने वाली महिला ने तहरीर दी।

बताया कि संगम चौहान करीब बीस लड़कों संग उनकी दुकान में घुस आया। आरोप है कि उसने मारपीट करते हुए सामान चोरी किया गया और छेड़छाड़ भी की गई। पुलिस ने आरोपी संगम चौहान निवासी इस्लामाबाद, बढ़ापुर जिला बिजनौर हाल निवासी करनपुर, आर्यन उर्फ पीकू निवासी सिसौली जिला मुजफ्फनगर हाल निवासी एकता विहार और अखिल तोमर निवासी मलकपुर, बड़ौत हाल निवासी एकता विहार को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। तीनों को बाद में थाने से जमानत पर छोड़ गया। तीनों आरोपी यहां रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।

## मसूरी में पुलिस अभिरक्षा से भागे बंदी को पकड़ा

देहरादून। सुद्दोवाला जेल से मसूरी कोर्ट में पेशी पर आया स्कूटी चोरी का आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार होने का प्रयास किया। पुलिसवालों ने पीछा कर उसे कुछ दूरी पर पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ मसूरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। मसूरी कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट के मुताबिक एएसआई जगदीश राम ने पुलिस को विचाराधीन बंदी के फरार होने की सूचना दी। बताया कि वह एक अन्य पुलिस कर्मी के साथ सुद्दोवाला जेल में बंद शोमेश कुमार को न्यायिक मजिस्ट्रेट मसूरी की कोर्ट में पेश करने के लिए लाए थे।

## सचिवालय संघ चुनावः सुनील लखेड़ा अध्यक्ष, राकेश जोशी बने महासचिव

देहरादून।उत्तराखंड सचिवालय संघ के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में सुनील लखेड़ा अध्यक्ष और राकेश जोशी महासचिव पद पर निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी मस्तू दास ने देर शाम चुनाव परिणाम जारी किए। सचिवालय संघ चुनाव को लेकर सोमवार सुबह दस बजे मतदान शुरू हुआ। शाम चार बजे तक चले मतदान में कुल 1056 वोटरों में से 994 ने मतदान किया। शाम साढ़े चार बजे से मतगणना प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर सुनील कुमार लखेड़ा को 479 और निवर्तमान अध्यक्ष दीपक जोशी को 439 वोट मिले। लखेड़ा ने 40 वोट से जीत दर्ज की। तीसरे नंबर पर प्रदीप पपनै को 65 वोट मिले। 11 वोट रद्द किए गए। महासचिव पद पर राकेश चंद्र जोशी को 350 वोट, विमल जोशी को 324 वोट मिले। राकेश जोशी 26 वोट से जीते। तीसरे नंबर पर कमल कुमार को 297 वोट, जबकि 23 वोट रद्द हुए। कोषाध्यक्ष में रमेश सिंह बर्त्वाल को 658 और भूपेंद्र नारायण जोशी को 322 वोट मिले। रमेश सिंह ने 336 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। 14 वोट रद्द घोषित किए गए। चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही सचिवालय परिसर ढोल और रणसिंघा की आवाज से गूंज उठा। समर्थकों ने जमकर गुलाल उड़ा कर एक दूसरे को जीत की बधाई दी।

## पंचायतों के लिए बनेगा कूड़ा मुक्त ऐपः महाराज



देहरादून। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने लोनिवि की तर्ज पर पंचायतों को कूड़ा मुक्त करने के लिए ऐप बनाने निर्देश दिए। सोमवार को पंचायतीराज निदेशालय में हुई समीक्षा बैठक में महाराज ने कहा कि हरिद्वार भ्रमण के दौरान उन्हें कहीं भी सफाई नजर नहीं आई। उन्होंने इसे निराशाजनक बताते हुए कड़ी नाराजगी भी जताई। कहा कि विभाग लोनिवि की तर्ज पर ऐप बनाए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी कूड़ा होने की दशा में उसकी सूचना फोटो के माध्यम से विभाग तक पहुंच सके और कूड़े का निस्तारण किया जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को औचक निरीक्षण करने और साफ–सफाई में ढिलाई बरतने वाले अफसरों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। विभाग में कर्मचारियों के कम पद होने के कारण कार्यों में तेजी न आने पर जल्द विभागीय ढांचे का पुनर्गठन को प्रस्ताव बनाने को कहा। कहा कि 15 वें वित्त आयोग में आवंटित बजट के सापेक्ष खर्च बढ़ाया जाए। कम खर्च के कारण केंद्र ने बड़ी मुश्किल से दूसरी किश्त दी। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जल जीवन मिशन में पंचायतों में नए स्त्रोत टैब किए गए हैं या नहीं, यह भी सुनिश्चित करने को कहा।

## जोधपुर में उत्तराखंड के युवा डॉक्टरों को सराहा



देहरादून। राजस्थान के जोधपुर में नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन की ओर से अखिल भारतीय विद्यार्थी वर्ग में उत्तराखंड के युवा डॉक्टरों को सराहा गया। इसमें उत्तराखंड विद्यार्थी प्रमुख दून अस्पताल की युवा दंत चिकित्सक डॉ. योगेश्वरी कृष्णन ने प्रांत का परिचय कविता के माध्यम से दिया।

जिसे पदाधिकारियों ने जमकर सराहा। वहीं, ऋषिकेश में 2024 में हाने वाली एनएमओकॉन का ब्रॉसर लांच किया गया। प्रदेश के मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों से डॉ. योगेश्वरी, डॉ. अंजलि, डॉ. जसलीन, डॉ. विक्रम, डॉ. निखिल, डॉ. अरविंद, डॉ. दिविज, डॉ. रविंद्र राठौर, डॉ. हरिकृष्ण, डॉ. निखिल, डॉ. करन, डॉ. स्वप्निल आदि शामिल हुए।

# बदलता मौसम कर रहा बीमार, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

## राजकीय बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बारिश के दौरान में पल–पल बदलता मौसम आमजन को बीमार करने लगा है। हालत यह है कि राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार के साथ ही क्षेत्र के निजी अस्पतालों में बुखार–सर्दी–जुखाम व पेट से संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सक मरीज व उनके तीमारदारों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की सलाह दे रहे हैं। पिछले कुछ समाप्त से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। कभी तेज धूप तो कभी बारिश आमजन को बीमार कर रही है। चिकित्सालय में आने वाला हर दूसरा व्यक्ति वायर फीवर से ग्रसित है। सुबह से ही अस्पताल में पर्ची बनवाने के लिए मरीजों की लंबी लाइनें लग रही हैं। साथ ही मरीजों को घंटों ओपीडी के बाहर खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों की माने तो मौसम व तापमान में आ रहे बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। जिससे बीमार होने का खतरा अधिक बढ़ जाता है। यदि परिवार में किसी व्यक्ति को वायरल बुखार है तो अन्य सदस्यों को भी इसके होने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

### वायरल बुखार के लक्षण

–तेज बुखार आना –ठंड लगना –पूरे शरीर में दर्द होना –नाक से पानी आना –गले में खरास –हल्की खांसी आना

**वायरल से बचाव के तरीके**

– बारिश में भीगने से बचें – फ्रीज का ठंडा पानी न पिएं – तेज धूप में बाहर न निकलें – अधिक से अधिक पानी पिएं – घर के आसपास पानी जमा न होने दें – बीमार होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें



कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पर्ची बनवाने के लिए लगी लोगों की लंबी लाइन

## एरियर भुगतान नहीं होने पर सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर का अभी तक भुगतान न होने पर रोष व्यक्त किया है।

इस संबध में सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मचारियों की बैठक में संगठन अध्यक्ष गणेशी नेगी ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी लंबे समय से अपने देयको के भुगतान की मांग कर रहे हैं। मुख्य चिकित्साधिकारी के माध्यम से एरियर के भुगतान की बात कही जा रही है, लेकिन अभी तक दुगड्डा ब्लाक के 33 व पौड़ी से लगभग 92 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर का भुगतान नहीं हो पाया है। इस कारण उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर कर्मचारियों के एरियर का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।बैठक में सरोज जखमोला, आशा भटनागर, सरस्वती रावत, कुसुम तोमर और सुमित्रा राणा सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# समाज को नशा मुक्त बनाने का लिया संकल्प

## ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से आयोजित की गई गोष्ठी


आयोजित गोष्ठी में अपने विचार रखते मुख्य अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की ओर से युवा पीढ़ी में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति और हमारा दायित्व विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। इस दौरान सदस्यों ने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाने का संकल्प लिया।

गोष्ठी का आरंभ मुख्य अतिथि यूकेडी के केंद्रीय अध्यक्ष डा. शक्तिशैल कपरवाण और सर्वोदयी सेविका शशिप्रभा रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने लिए ठोस नीति बनाने की मांग की। मुख्य अतिथि डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि राजस्व प्राप्ति के लिए सरकार जगह–जगह पर ठेके खोल रही है। वहीं दूसरी ओर तस्करी के माध्यम से भी युवाओं को शराब व नशीले पदार्थ उपलब्ध हो रहे हैं। सरकार तस्करों पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। तस्करों ने युवाओं को अपना साफ्ट टारगेट बना रखा है। युवा भी नशीले पदार्थों के आदि बनकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वक्ताओं ने सरकार से इस संबध में ठोस नीति बनाने की मांग की। गोष्ठी में जेपी बुड़ाकोटी, प्रकाश कोठारी, वरूण भदोला, सुरेंद्र लाल आर्य, राजेंद्र जजेड़ी, सीपी नैथानी, चंद्र दत्त गौड़ और सीपी डोबरियाल आदि थे।

## तरंग गुसाईं व साहिल रावत का हुआ चयन

**कोटद्वारः** शहीद मुकेश बिष्ट खेल अकादमी के फुटबाल खिलाडी तरंग गुसाईं व साहिल रावत का महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज के लिए चयन हुआ है। खिलाड़ियों की सफलता पर अकादमी व उनके स्वजनों ने खुशी व्यक्त की है। शहीद मुकेश बिष्ट खेल अकादमी की ओर से क्षेत्र के युवाओं को फुटबाल का प्रशिक्षण दिया जाता है। खेल अकादमी के संचालक सिद्धार्थ रावत ने बताया कि साहिल व तरंग ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए शारीरिक परीक्षाएं पास की थी। दोनों खिलाड़ियों का फाइनल ट्रायल के बाद खेल स्पोर्ट्स कालेज देहरादून के लिए चयन हुआ है। फुटबाल प्रशिक्षक महेंद्र सिंह रावत व फिजिकल ट्रेनर तालिब खान खिलाड़ियों को लगातार प्रशिक्षण दे रहे थे। अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने शहर का नाम रोशन किया है। स्पोर्ट्स कालेज से जुड़ने के बाद उन्हें बड़े मंच पर खेलने का मौका मिलेगा।

## राज्य आंदोनकारी महेंद्र सिंह रावत की माता के निधन पर जताया शोक

**कोटद्वारः** वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी महेंद्र सिंह रावत की माता सावित्री रावत का 82 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया है। वे पिछले एक माह से अस्वस्थ थी। उनके निधन पर पदमपुर स्थित राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा कार्यालय में आयोजित शोक सभा में अन्य राज्य आंदोलनकारियों ने उनको श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। शोक व्यक्त करने वालों में नंद किशोर डबराल, प्रकाश बमराड़ा, अशोक कंडारी, राजेंद्र सिंह, दलबीर सिंह, विनोद अग्रवाल, विजय सिंह, कमल किशोर खंतवाल, पुरुषोत्तम डबराल और शशिविलास कुकरेती आदि थे।

## छात्रों को नशे होने वाली बीमारियों के बारे में बताया

**श्रीनगर गढ़वाल :** राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में कोतवाली पुलिस की ओर से नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोतवाली के एसएस–ाआई संतोष पैंथवाल ने छात्रों को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। साथ ही छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो नौनिहाल नशे के दलदल में फंस चुके हैं उनको लेकर काउंसलिंग भी की जाती है। इसके अलावा छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने के बारे में जानकारी दी। (एजेंसी)

# कर्तव्य पथ जाएगी वीरों के आंगन से मिट्टी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत स्थानीय कार्यक्रमों एवं स्थानीय वीरों के आंगन से मिट्टी को दिल्ली के कर्तव्य पथ तक पंहुचाने को लेकर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी, सैनिक कल्याण विभाग, पंचायतराज विभाग को जल्द तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि 9 से 15 अगस्त के बीच ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

डीएम डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय वीरों जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सैनानी, सभी रक्षा कर्मी जिनकी मृत्यु डयूटी के समय हुई हो के आंगन की मिट्टी को संकलित करते हुए 27 अगस्त तक दिल्ली के कर्तव्य पथ की अमृत वाटिका में पहुंचाई जाएगी।

जबकि शहरी क्षेत्रों में बड़े नगर निकायों व निगमों के माध्यम से वीरों के आंगन की मिट्टी को मिट्टी यात्र के माध्यम से मिट्टी को अमृत वाटिका तक पहुंचाया जाएगा। डीएम ने बताया कि इस अभियान के तहत स्थानीय वीरों के आवासों पर उनके नाम की हिन्दी भाषा में सुलभ पट्टिकाएं लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय वीरों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, रक्षा कर्मी आर्मी, नेवी, एयर फोर्स, राज्य पुलिस बल, केन्द्रीय सुरक्षा बलों के वे कर्मी शामिल होंगे जिनकी मृत्यु डयूटी के दौरान हुई हों। उन्होंने बताया कि 9 से 15 अगस्त के बीच ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें एक विकसित भारत के निर्माण की शपथ कार्यक्रम, वसुधा वन्दन कार्यक्रम के तहत हर ग्राम पंचायत स्तर पर अमृत वाटिका बनाकर उसमें 75 स्थानीय प्रजाति के पौधो का रोपण करने, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिवारों को वीरों का वन्दन कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित किए जाने व हर कार्यक्रम में झण्डारोहण एवं राष्ट्रगान का आयोजन आदि शामिल है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बीईएल-बलभद्रपुर के मध्य सड़क पर स्कूटी अनियंत्रित होने से एक युवक की मौत हो गई।

घटना सोमवार सुबह की है। मोटर नगर निवासी पारस रावत 26वर्ष बदभद्रपुर की ओर से अपने घर आ रहा था। इसी दौरान सड़क पर स्थित ब्रेकर में अचानक उसकी स्कूटी नियंत्रित हो गई।

गंभीर अवस्था में घायल पारस को आसपास मौजूद लोगों ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक देहरादून के एक होटल में काम करता था7

# सर्वसेवा संघ पर सरकारी कब्जे का सर्वोदय सेवकों ने किया विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सर्वसेवा संघ पर सरकारी कब्जा करने का विरोध करने वाले गांधीजनों की गिरफ्तारी से आक्रशित कोटद्वार के सर्वोदय सेवकों ने यूपी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कब्जा रुकवाने की मांग की।

सोमवार को सर्वोदयी सेविका शशि प्रभा रावत के नेतृत्व में सर्वोदयी मंडल के सदस्य कोटद्वार तहसील पहुंचे। उन्होंने उपजिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने तहसील के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ओमप्रकाश पांथरी को राष्ट्रपति के लिए ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरकार पर गांधीजनों को परेशान करने का आरोप लगाया। कहा कि वाराणसी (यूपी) में सर्वसेवा संघ का मामला कोर्ट में विचराधीन होने के बावजूद संघ कैंप को जबरन खाली करवाकर कब्जा किया गया है, जो कि पूरी तरह अवैधानिक और निंदनीय है। उन्होंने राष्ट्रपति से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए कब्जा रोकने और वापस दिलाने की मांग की। इस अवसर पर गढ़वाल सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष विनय किशोर रावत, महासचिव सुरेंद्र लाल आर्य, गोविंद डंडरियाल, स्नेह दीप, नेत्र सिंह रावत, राकेश अग्रवाल, गौरव रावत, श्रद्धासुमन नेगी, राजेंद्र जजेड़ी आदि मौजूद रहे।

## शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**श्रीनगर गढ़वाल :** श्रीनगर में सावन के सोमवार को शिव मंदिरों में जलाभिषेक को श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों में जलाभिषेक के लिए सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए थे। नगर के कमलेश्वर महादेव मंदिर, कटकेश्वर महादेव मंदिर, नागेश्वर मंदिर, अल्केश्वर महादेव मंदिर सहित चौरास किलकिलेश्वर महादेव मंदिर व श्रीकोट शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर सुखः शांति की कामना की। कमलेश्वर महादेव मंदिर के महंत आशुतोष पुरी ने बताया कि मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालु जुटने शुरू हो गए थे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं ने मंदिर में देरशाम तक पूजा-अर्चना की। (एजेंसी)

# लैंसडौन पहुंचे अनुपम खेर, खूबसूरत प्राकृतिक वादियों को देख हुए अभिभूत


लैंसडौन पहुंचे अभिनेता अनुपम खेर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** बॉलीवुड के बेहतरीन अदाकारों में से एक अनुपम खेर सोमवार को लैंसडौन घूमने पहुंचे। इस दौरान वह लैंसडौन की खूबसूरत प्राकृतिक वादियों को देखकर अभिभूत हो गए। सेना के जवानों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों में उनके साथ फोटो खिंचवाने की होड़ लगी रही।

सोमवार को देहरादून से सेना के मेहमान बनकर आए अनुपम खेर और उनकी टीम के सदस्य सेना के गेस्ट हाउस पहुंचे। यहां से वे सेना के जवानों की सुरक्षा में लैंसडौन की सुंदर वादियों को घूमने निकल पड़े। वे टिपनटॉप, भुलाताल, आर्मी की फायरिंग रेंज, दुर्गा मंदिर और गढ़वाल मंडल विकास निगम के पर्यटक आवास गृह आदि लोकेशन भी देखने के लिए गए। उन्होंने कहा कि वे एक फिल्म की लोकेशन देखने के लिए यहां आए हैं। बताया कि वह यहां की आबोहवा, प्राकृतिक सौंदर्यता से बेहद प्रभावित हैं। यहां की लोकेशन बेहतरीन है और फिल्मों की शूटिंग के लिए यह स्थान काफी उपयुक्त है। कहा कि वह जल्द ही लैंसडौन में अपनी आने वाली फिल्म की शूटिंग करेंगे। जिसके लिए वह करीब एक महीने तक यहां रुकेंगे।

### फोटो खिंचवाने को लगी होड़

अनुपम खेर के लैंसडौन भ्रमण के दौरान देखकर स्थानीय लोग और पर्यटक खुश हो गए। आग्रह पर अनुपम खेर ने सहर्ष स्थानीय लोगों, पर्यटकों और सेना के जवानों के साथ फोटो खिंचवाई। इस दौरान लोगों में फोटो खिंचवाने की होड़ लगी रही। लोकेशन देखने के बाद वह आर्मी के गेस्ट हाउस लौट गए।

## पेंटिग में निशा रही अव्वल

**श्रीनगर गढ़वाल :** राजकीय इंटर कॉलेज खोला कड़ाकोट भोले महाराज के जन्मोत्सव पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें निशा ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय एवं रिंकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन छात्राओं के साथ ही विद्यालय की दोनों भोजन माताओं भवानी देवी व उर्मिला देवी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बीएम सजवाण, राजकीय शिक्षक संघ कीर्तिनगर के ब्लॉक अध्यक्ष सतीश बलूनी, शिक्षक महेश गिरि ने भोले महाराज का आभार जताते हुए हंस फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में सीमा भारती, सुनीति सेमवाल, प्रीति, सीमा, अजय सिंह, मनोज मंमगाई, देवेंद्र सिंह, विजय सिंह, जगदीप आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# दीवार पत्रिका 'उत्कर्ष' के प्रथम अंक का हुआ प्रकाशन

## पब्लिक इण्टर कॉलेज सुरखेत में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पब्लिक इण्टर कॉलेज सुरखेत में बच्चों की रचनाशीलता को मंच देने और उनके भावों को अभिव्यक्ति देने के उद्देश्य से मासिक दीवार पत्रिका 'उत्कर्ष' के प्रथम अंक का प्रकाशन किया गया।

मासिक दीवार पत्रिका 'उत्कर्ष' के जुलाई माह के प्रथम अंक का शुभारम्भ करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने कहा कि छात्र-छात्राओं में साहित्य की विभिन्न विधाओं कहानी, कविता, आलेख, संस्मरण, छायाचित्र, कार्टून के माध्यम से अपने भावों को अभिव्यक्त करने तथा पत्रकारिता की बारीकियों को जानने-समझने के लिए दीवार पत्रिका के जरिए एक नई पहल और प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों की रचनात्मकता को मंच देने व उनकी लेखन कला को विकसित करने के लिए यह आसान और प्रभावशाली माध्यम है। इसके द्वारा लेखन, संपादन और प्रबंधन का पूरा अवसर बच्चों को प्रदान किया जाता है। दीवार पत्रिका 'उत्कर्ष' के जुलाई माह मे प्रकाशित प्रथम अंक का मुख्य विषय 'देवभूमि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा' निर्धारित किया गया था। छात्र-छात्र-ाओं ने बद्रीनाथ व केदारनाथ की आरती, उत्तराखण्ड के चार धामों के चित्र व उनका महत्व, उत्तराखण्ड के पंच बद्री, पंच केदार, पंच प्रयाग, प्रसिद्ध तीर्थ स्थल हरिद्वार तथा गंगा की महत्ता पर हस्तलिखित लेख तैयार करके उसे दीवार पत्रिका के चार्ट पर चिपकाकर अपनी लेखन और सृजन कला को प्रदर्शित किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षका संजय कुमार, प्रकाश चन्द्र कैंथोला, सतीश चन्द्र शाह, नीरज रमोला आदि मौजूद रहे।


पत्रिका विमोचन कार्यक्रम में भाग लेते पब्लिक इण्टर कॉलेज सुरखेत के विद्यार्थी

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए संसद मार्च 10 अगस्त को, तैयारियां जुटा मोर्चा

**पौड़ी :** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा पुरानी पेंशन बहाली के लिए आगामी 10 अगस्त को नई दिल्ली में संसद मार्च करेगा। इसकी तैयारियां जोरो पर चल रही है। मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि तीन दर्जन से अधिक संगठन पुरानी पेंशन बहाली हेतु संयुक्त रूप से आंदोलन कर रहे हैं।

मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष जयदीप रावत ने कहा कि मोर्चे द्वारा लंबे समय से उत्तराखंड के कार्मिकों के हित में लड़ाई लड़ी जा रही है। जिसके निम्मित प्रदेश सरकार के साथ साथ केंद्र सरकार तक पुरानी पेंशन बहाली की मांग हेतु 10 अगस्त को संसद मार्च किया जा रहा है। मोर्चे के प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने कहा कि मोर्चे द्वारा लगातार पुरानी पेंशन बहाली की आवाज उठाई जा रही है। अब दिल्ली में भी मोर्चा पुरानी पेंशन बहाली की आवाज उठायी जा रही है। उन्होंने ससंद मार्च में प्रदेश के समस्त कार्मिकों से प्रतिभाग करने की अपील की। प्रदेश प्रभारी विक्रम रावत ने कहा अब कर्मचारी आर-पार के मूड में हैं कर्मचारी हर हाल में पुरानी पेंशन बहाली चाहता है। गढ़वाल मंडल महासचिव नरेश भट्ट ने कहा कि मोर्चे द्वारा उत्तराखंड प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाली के लिए दिल्ली संसद मार्च की तैयारियां जोर-शोर पर है।

# गर्भवतियों की प्राथमिकता से सुनी जाए समस्याएं



पिथौरागढ़। आम आदमी पार्टी ने प्रशासन से बुजुर्ग, गर्भवतियों और छोटे बच्चों की माताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनने की मांग की है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि लोग विभागीय अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखने को घंटों कार्यालयों के बाहर बैठे रहते हैं। इसके बाद भी कभी उनकी समस्या कभी सुनी जाती है तो कभी उन्हें बैरंग लौटना पड़ता है। सोमवार को नगर में आप जिलाध्यक्ष लेफ्टिनेंट सुषमा बिष्ट माथुर (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम रीना जोशी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय के दूरस्थ गांवों से रोजाना कई बुजुर्ग, गर्भवती सहित अन्य लोग समस्याएं लेकर विभागीय दफ्तरों में पहुंचते हैं। कई दफा शाम तक लोग अपनी समस्याओं से अवगत कराने के लिए कार्यालयों के बाहर बैठे रहते हैं। लेकिन कार्यालय बंद करने के दौरान उन्हें बताया जाता है कि संबंधित अधिकारी दौरे पर हैं। दिनभर भूखे–प्यासे बैठने के बाद उन्हें कल आना कहकर वापस घर भेज दिया जाता है। कहा कि इस तरह की व्यवस्था से लोगों को खासी दिक्कत हो रही है, विशेषकर 70 से 80 वर्ष के बुजुर्ग और गर्भवतियों को। कार्यकर्ताओं ने डीएम से बुजुर्ग, गर्भवती और छोटे बच्चों के साथ अपनी फरियाद लेकर आने वाली माताओं को प्राथमिकता देने को कहा है। इसके अलावा अधिकारी के दौरे पर होने या बैठकों में व्यस्त होने की स्थिति पर सूचना बाहर बैठे लोगों को देने की भी व्यवस्था करने की मांग उठाई है।

## टनकपुर स्टेडियम का नाम जीबी पंत के नाम पर हो

चम्पावत। टनकपुर स्टेडियम का नाम गोविंद बल्लभ पंत के नाम पर किए जाने की मांग की है। जीबी पंत फाउंडेशन ने इस संबंध में कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है।

सोमवार को जीबी पंत वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन चंद्र पंत के नेतृत्व में अन्य सदस्यों ने कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अभी तक टनकपुर खेल मैदान का नामकरण नहीं हुआ है। बताया कि वर्षों से मैदान में राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के साथ–साथ जीबी पंत की जयंती समारोह का आयोजन किया जाता है। उन्होंने पंत के योगदान और देश के प्रति उनकी सोच को देखते हुए स्टेडियम का नाम गोविंद बल्लभ पंत के नाम पर करने की मांग की है।

# महाविद्यालय में पौधरोपण किया



पिथौरागढ़। नगर के एलएसएम महाविद्यालय में अधिरथ स्किलबीच डेवलपमेंट फाउंडेशन ने पौधरोपण अभियान चलाया।

सोमवार को फाउंडेशन के निदेशक दीपक तिवारी के नेतृत्व में छात्र–छात्राओं, महाविद्यालय स्टाफ, व्यापार संघ ने विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रोपण किया। तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को पौधरोपण जरूरी है।

यहां निदेशक डॉ. हेम चंद्र पाण्डेय, वन क्षेत्राधिकारी पूरन सिंह देउपा, व्यापार संघ अध्यक्ष तपन रावत, डॉ.सरोज वर्मा, डॉ. सचिन वर्मा, डॉ. अभिषेक पंत आदि मौजूद रहे।

# दालचीनी के पौधे वितरित किए



चम्पावत। सगंध पौध केंद्र कैप सेलाकुई की ओर से विकास खंड लोहाघाट के कई गांव में निशुल्क रुप से दालचीनी पौध का रोपण किया। इस दौरान केन्द्र ने किसानों अन्य फसलों के बारे में जानकारी दी। केन्द्र के मास्टर प्रशिक्षक नवीन कफल्टिया के नेतृत्व में गुमदेश के ढोरजा, ढिंगरा,फोर्ती, बलांई, गुरेली, खतेड़ा मल्ला आदि गांव में दालचीनी के पौधे रोपे गए। कफल्टिया ने बताया कि जिला चम्पावत में करीब 40 हेक्टेयर में 20 हजार दालचीनी के पौधरोपण किया जा रहा है। किसानों को इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर रमेश भट्ट, नवीन भट्ट, दलीप सिंह, बासुदेव चिल्कोटी रहे।

## नाबालिग ने किया जंगल में सुसाइड

चम्पावत। शहर के एक किशोर ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। बैराज के पास लगे जंगल से पुलिस ने शव को बरामद किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। रविवार देर रात अंबेडकरनगर, वार्ड नं तीन निवासी स्व़ तिलक राम का 14 वर्षीय बेटा अनुज राम ने बैराज के पास लगे जंगल में पेड़ से फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी परिजनों को लगी तो वह दंग रह गए। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद बेहोशी की हालत में किशोर को उपजिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नाबालिग की आत्महत्या के कारणों का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। डॉ़ उमर ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही किशोर ने दम तोड़ दिया।

# खतरा बने बिजली लाइन को हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन



बागेश्वर। मेहनरबूंगा की महिलाओं ने सोमवार को जिला कार्यालय में प्रर्दशन कर घरों और खेतों के ऊपर गुजर रही बिजली लाइनों को हटाने और पेड़ों की लॉपिंग कराने की मांग की। साथ ही ऊर्जा निगम पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए डीएम को ज्ञापन दिया। लाइन नहीं हटाए जाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।नगर के पास स्थित मेहनरबूंगा की महिलाएं सोमवार को जिला कार्यालय पहुंची। इस दौरान यहां ऊर्जा निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्होंने कहा कि घरों और उनके खेतों के ऊपर झूल रहे बिजली के तार लोगों के लिए खतरे का सबब बने हुए हैं। इन्हें हटाने के लिए ऊर्जा निगम को कई बार लिखित व मौखिक पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आम, अमरूद और अन्य पेड़ों से बिजली के तार टकरा रहे हैं। वर्षा होते ही इन पेड़ों में करंट फैल रहा है। कई पेड़ मकानों से सटे हुए हैं। इससे लोगों को करंट लग सकता है। शिकायत के बाद भी ऊर्जा निगम कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम नहीं जागा तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। ऊर्जा निगम ने उनके घरों के ऊपर से तीन–तीन हाईटेंशन लाइन डाल दी हैं। इससे उन्हें और उनके परिवारों को खतरा उत्पन्न हो गया है। इस मौके पर पुष्पा देवी, उषा रौतेला, सरिता देवी, विद्या तिवारी, उमा देवी, कमला देवी, लीला देवी, जयंती देवी, भूपाल, आशीष आदि मौजूद रहे।

# प्रसिद्ध गायक स्व. मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर हुआ गायन प्रतियोगिता का आयोजन



चम्पावत। सिने जगत के प्रसिद्ध गायक स्व. मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर कौशल म्यूजिक एकेडमी की ओर से गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रतियोगिता में 52 बाल कलाकारों ने एक से बढकर एक गीत गाए। पालिका सभागार में एकेडमी के अध्यक्ष अजय कलखुड़िया के निर्देशन पर आयोजित गायन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि गीतांजलि सेवा संस्थान अध्यक्ष सतीश पांडेय, एसओ मनीष खत्री, रीनू खत्री, प्रहलाद मेहता, डॉ. सुमन पांडेय और जीवन मेहता रहे। प्रतियोगिता के प्राइमरी वर्ग में भाव्या पाटनी, अंकुर जोशी, निवेदिता पांडेय, जूनियर में वैदही पाटनी, अंकुर गोला, दिव्यांशु जोशी, सीनियर वर्ग में नवनीत पांडेय, धृति मुरारी और कमल ओझा क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। निर्णायक निशांत पुनेठा, सोनिया और प्रदीप कुमार रहे।

## कांग्रेस ने चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से नियुक्तियों पर उठाए सवाल

बागेश्वर। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने कहा कि उत्तराखंड में नौकरियां चेहतों को मिल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक पूर्व काबीना मंत्री की पुत्री समेत अन्य को आयुर्वेद और यूनानी विभाग में चिकित्साधिकारी पद पर नियुक्त दे दी गई है।

चहेतों को नौकरी दिए जाने से हजारों युवाओं के सपनों पर पानी फिरा है। उन्होंने इस भर्ती को निरस्त करने और मुख्यमंत्री से इस्तीफा देने की मांग की। सोमवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में डसीला ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने बड़ी धांधली की है। उत्तराखंड भर्ती घोटालों का राज्य बन गया है।

# अल्ट्रा रनिंग में द्वाराहाट के विनय की टीम ने जीता रजत



अल्मोडा। बेंगलुरू में आयोजित एशिया ओसिनियाए चैंपियनशिप में द्वाराहाट के शीतलापुष्कर वार्ड निवासी विनय साह पुत्र तारा लाल साह की टीम सिल्वर मेडल लेने में कामयाब हुई है। आपको बता दें कि प्रतियोगिता में जापान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, मंगोलिया, न्यूजीलैंड व भारत सहित 6 देशों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। रविवार को बेंगलुरु में आयोजित 100 किलोमीटर अल्ट्रा रनिंग दौड़ में भारत से 6 खिलाड़ियों ने पुरुष वर्ग में हिस्सा लिया था। चैंपियनशिप में देवभूमि उत्तराखंड से पुरुष वर्ग में विनय साह व महिला वर्ग में पिथौरागढ़ से मेजर शशि मेहता एनसीसी ऑफिसर ने हिस्सा लिया था। इससे पूर्व भी विनय साह यूरोप के ग्रीस में स्पार्टथलान अल्ट्रा मैराथन व वर्ष 2019 में फ्रांस में 24 घंटे लगातार दौड़े जाने वाली 24 आवर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इसके अलावा क्रोशिया में 100 किलोमीटर व साउथ अफ्रीका में डरबन से सेंट पीटर्स वर्ग तक दौड़कर अल्ट्रा मैराथन का हिस्सा बन चुके हैं।

# एकल बुजुर्गों की साथी अल्मोड़ा पुलिस



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा पुलिस जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही साथ लोगों की मदद भी कर रही है। जनपद के एसएसपी अल्मोड़ा रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को अपने–अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत एकल बुजुर्गों की सेवा/सुरक्षा हेतु थाने में उनका विवरण रखने तथा समय–समय पर उनके निवास स्थान पर जाकर उनकी कुशल क्षेम प्राप्त करते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिये गये हैं।

सोमवार 31 जुलाई को थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार, थाना पुलिस टीम के साथ थाना क्षेत्रान्तर्गत निवासरत एकल बुजुर्ग मदन सिंह निवासी काचुला, संत राम निवासी धौलछीना, आनंदी देवी निवासी धौलछीना, कौशल्या देवी निवासी दियारी, हर्ष सिंह निवासी कलौन, थाना धौलछीना, अल्मोड़ा के निवास स्थान पर पहुंचे तथा सभी की कुशल क्षेम ली गई।

## सावन के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बागेश्वर। सावन के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरो में सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। बाबा बागनाथ धाम में सरयू और गोमती संगम पर श्रद्धालुओं ने स्नान किया। संगम के जल लेकर बाबा बागनाथ को चढ़ाया। बागनाथ मंदिर में सुबह से दोपहर तक भीड़ रही। लोगों ने स्नान कर शिव को जल चढ़ाया। श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की। इस दौरान मंदिर में पुरोहितों ने सावन के महीने की महत्ता श्रद्धालुओं को बताई गई। वहीं बैजनाथ मंदिर में भी सावन के तीसरे सोमवार को भारी भीड़ रही।

# बेरीनाग में इंजीनियरों ने कार्य बहिष्कार कर जताया आक्रोश



पिथौरागढ़।लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों में मांग पूरी नहीं होने से आक्रोश है। कर्मियों ने दो घंटे कार्य बहिष्कार कर अपना विरोध जताया। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह उनकी अनदेखी की गई तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा। सोमवार को नगर में लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि बीते दिनों लोनिवि प्रमुख अभियंता की ओर से उन्हें विभिन्न मांगों को लेकर आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक उक्त आश्वासन पर कोई पहल नहीं हुई है। इससे कर्मी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। लोनिवि मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों ने अनुरोध व चिकित्सा प्रमाण पत्र के प्रस्तावों पर कोई ध्यान नहीं देने पर नाराजगी जताई है। प्रदर्शन करने वालो में जिला अध्यक्ष चन्द्र सिंह रौतेला, मोहन सिंह जडौत, महेन्द्र सिंह महरा, जगदीश मेहता, संतोष सिंह, डिगर सिंह, केशर धामी, भागीरथी महरा, हेमा कार्की आदि मौजूद रहे।

# कूड़ा वाहनों की गुणवत्ता पर ब्लॉक प्रमुखों ने उठाए सवाल



चम्पावत। लोहाघाट सोरघाटी सस्ता गल्ला विक्रेता कल्याण समिति की जिला इकाई की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चारों ब्लॉक के सस्ता गल्ला विक्रेता शामिल रहे। एनेक्सी भवन लोहाघाट में चम्पावत जिला इकाई संगठन के जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह बोहरा की अध्यक्षता और चंद्रमोहन जोशी के संचालन में गल्ला विक्रेताओं ने बीते सात माह का लाभांश न मिलने पर नाराजगी जताई। उन्होंने लंबित लाभांश का भुगतान और दाल के कमीशन में वृद्धि करने, शीघ्र लोहाघाट, चम्पावत ब्लॉक कार्यकारिणी गठित करने, पांच अगस्त को जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया। इस मौके पर हरीश तिवारी, तेज सिंह, संजय भट्ट आदि मौजूद रहे।

## ट्रेकरूट में गंदगी का अंबार

पिथौरागढ़। चंडाक मार्ग स्थित ट्रेकरूट में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इससे लोग परेशान है। वरदानी मंदिर से चंडाक फैक्ट्री और उसके आसपास प्रशासन ने पूर्व में ट्रेकरूट का निर्माण किया। वर्तमान में बड़ी संख्या में लोग सुबह और शाम आवाजाही के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन इस ट्रेकरूट में जगह–जगह गंदगी बिखरी हुई है। आमजन ने पार्टी के लिए वहां पहुंच रहे लोगों से कूड़े को कूड़ेदान में डालने की अपील की है।

# धूमधाम से मनाया गया नैनीताल बैंक का स्थापना दिवस



अल्मोड़ा। दि नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा अपना 102 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। 31 जुलाई 1922 को पंडित गोविंद बल्लभ पंत एवं कुमाऊं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों द्वारा नैनीताल बैंक का शुभारंभ कर नैनीताल में इसकी प्रथम शाखा की स्थापना की गई थी। सोमवार को बैंक के स्थापना दिवस पर जिला मुख्यालय में स्थित नैनीताल बैंक की दोनों शाखाओं एलआरसाह रोड अल्मोड़ा एवं लोअर माल रोड द्वारा हर्षोल्लास के साथ अपना स्थापना दिवस मनाया गया।लोअर माल रोड शाखा के प्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी, हिमांशु जोशी, अनुराग द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। एलआरसाह रोड अल्मोड़ा शाखा के शाखा प्रबंधक राहुल पन्त द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। जिसमें मुख्य अतिथि डीपीआरओ पीतांबर प्रसाद व अतिथि के रूप में डीके उप्रैती, उप प्रबंधक राजेश जोशी उपस्थित रहे।

# जनता मिलन में 24 शिकायतें दर्ज, 15 का मौके पर समाधान

रुद्रप्रयाग। जन समस्याओं के निराकरण के लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार द्वारा जन संवाद एवं जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों की शिकायतें सुनी। साथ ही उनके निराकरण के निर्देश दिए गए। ज्यादातर लोगों ने आपदा से जुड़ी समस्याएं बताई। सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा 24 समस्याएं दर्ज कराई। जिनमें से 15 शिकायतों का समाधान मौके पर ही हल कर दी गई। ग्राम पंचायत डंगवाल गांव के ग्रामीणों ने लोकसभा व विधानसभा निर्वाचन में चुनावी बूथ तिमली बड़मा में बनाए जाने की मांग की। मयकोटी प्रधान अमित प्रदाली ने वर्ष 2016 से बंद चल रहे राजकीय प्राथमिक विद्यालय की समस्या से जिलाधिकारी को अवगत कराया। ग्राम सभा किमांणा (दानकोट) निवासी रजनी देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाए जाने की मांग की। बाड़ा गांव निवासी चंद्र सिंह ने भारी बारिश के कारण खेत में सुरक्षा दीवार लगाने, लौंगा गांव की सुमन देवी व गीता देवी ने दैवीय आपदा के कारण उनके आवासीय भवन में दरारे पड़ने, अमसारी निवासी दयाराम भट्ट ने अत्यधिक बारिश से उनके आवासीय भवन में भू–स्खलन होने, लक्ष्मी देवी ने विकास भवन के समीप स्थित उनके आवास को स्कवर के क्षतिग्रस्त होने से उत्पन्न हुए खतरे, बडेथ (भटवाड़ी) के ग्रामीणों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक की अन्यत्र सेवा लगाए जाने पर पठन–पाठन में हो रहे व्यवधान की शिकायत दर्ज की। न्यालसू निवासी त्रिलोक सिंह ने एनएच द्वारा उनकी अधिग्रहित भूमि का मुआवजा न देने, सतेराखाल निवासी कुंदी लाल द्वारा सतेराखाल में बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने, लक्ष्मी प्रसाद डिमरी ने दैवीय आपदा के कारण ग्राम पंचायत कपणियां डोबा में क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर के पुनर्निर्माण करने, जवाड़ी निवासी अजीत कुमार ने आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण रोजगार दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन के जरिए दर्ज होने वाली शिकायतों का भी प्रमुखता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर डीएफओ रुद्रप्रयाग अभिमन्यु, सीडीओ नरेश कुमार, एडीएम दीपेंद्र सिंह नेगी, एसडीएम रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल, एसडीएम ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, एसडीएम मंजू राजपूत, सीओ प्रबोध कुमार घिल्डियाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## संदिग्ध परिस्थितिथियों में युवक की मौत

चमोली। विकासखंड के घतौड़ा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतक के परिजनों की सूचना पर राजस्व पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम सहित अन्य कार्रवाई की। तहसीलदार सुरेंद्र सिंह देव ने बताया कि घटना रविवार शाम की है। बताया कि दीपक सिंह पुत्र माधो सिंह उम्र 20 वर्ष की कमरे में मृत पड़े होने की सूचना मिली। जिस पर राजस्व टीम मौके पर पहुंची। सोमवार को राजस्व टीम ने तमाम कार्रवाई के बाद मृत युवक का पीएम करवाया। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि युवक का शव जमीन पर पड़ा मिला। परिजनों के हवाले से तहसीलदार ने बताया कि युवक का विवाह कुछ समय पहले ही हुआ था और घटना के समय पति पत्नी ही कमरे में थे। हालांकि युवक की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया। शिकायत मिलने और पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में दिया छात्रों को नशा मुक्ति का संदेश

चमोली। राजकीय महाविद्यालय तलवाडी में प्रवेश कर रहे बच्चों के साथ महाविद्यालय ने प्रवेशोत्सव मनाया। इस दौरान एंटी ड्रग सेल द्वारा नशा मुक्ति को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सोमवार को राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रचार्य डॉ. योगेंद्र चंद्र सिंह ने की। मुख्य अतिथि जागो हिमालयन के मुख्य कार्यकारी रमेश चंद थपलियाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए नशा मुक्ति पर व्याख्यान दिया। महाविद्यालय की ओर से डॉ. नीतू पांडे ने महाविद्यालय की आख्या और महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी।

# अलमस गदेरे में निर्माणधीन पुल के कार्य में तेजी लाने की मांग

नई नई टिहरी। थत्यूड़ भवान नगुण उत्तरकाशी सड़क मार्ग पर अलमस गदेरे पर विगत छह माह से मोटर पुल निर्माणाधीन है। पुल का निर्माण कार्य धीमी गति से चलने के कारण भवान नगुण उत्तरकाशी जाने वाले यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के कारण पहाड़ से हुए भूस्खलन के कारण पुल के एक साइड की दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई है। थत्यूड़ भवान उत्तरकाशी मोटर मार्ग पर अलमस गदेरे के पास बन रहे मोटर पुल पर धीमी गति से कार्य होने पर स्थानीय लोगों ने रोष जताया है।

स्थानीय निवासी महावीर चौहान, श्याम सिंह चौहान तथा राज्य आंदोलनकारी सोमवारी लाल नौटियाल ने कहा कि अलमस गदेरे पर निर्माणधीन पुल पर बीते छह माह से कार्य चल रहा है। लेकिन अभी पुल के दोनों साइड की केवल दीवार का निर्माण हो पाया है। जिसमें से एक साइड की दिवार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। कहा धीमी गति से पुल निर्माण कार्य होने से पुल निर्माण में लंबा समय लग सकता है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से पुल निर्माण में तेजी लाने की मांग की है। साथ ही देहरादून नगुण भवान उत्तरकाशी खस्ताहाल मोटर मार्ग के सुधारीकरण की भी मांग की है। उधर लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ के ईई लोकेश सारस्वत ने बताया कि बरसात का सीजन समाप्त होते ही पुल निर्माण कार्य में तेजी लाई जाऐगी।

# मणिपुर की घटना को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

नई नई टिहरी। मणिपुर में महिलाओं को लेकर हुई शर्मसार घटना पर प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में लम्बगांव में जुलुस निकालकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर विधायक नेगी ने कहा कि यह देश के बेहद शर्मनाक घटना है। केंद्र व मणिपुर की राज्य सरकार की इसके लिए जितनी निंदा की जाय कम है।

प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशीला भट्ट, मुरारी लाल खंडवाल, जय सिंह चौहान, युद्धवीर, सौरभ रावत, अंकित रावत, देवकी रांगड, उमा बिष्ट बिमला देवी, ब्लॉक उपाध्यक्ष अंजली रावत, पुष्पा देवी, गंगा देवी, उमा देवी आदि मौजूद रहे।

# आयुक्त गढवाल मण्डल ने की बीस सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा



देहरादून। आयुक्त गढ़वाल मण्डल विनय शंकर पाण्डेय ने आयुक्त कैंप कार्यालय से वीसी के माध्यम से जिला योजना, राज्य, केन्द्र एवं वाह्य सहायतित योजना, केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं महत्वपूर्ण ध्वजवाहक योजनाओं तथा बीस सूत्रीय कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई।जबकि गढवाल मण्डल आयुक्त को जनपदों से वीसी के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारियों द्वारा क्रमवार योजनाओं की कार्यप्रगति एवं योजनवार व्यय की जानकारी से अवगत कराया गया। आयुक्त गढ़वाल मण्डल ने जनपदवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक 15 दिन में अपने स्तर पर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए कि शासन से प्राप्त धनराशि को संबंधित विभागों को आवंटित करते हुए नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने बीस सूत्रीय कार्यक्रम में डी–श्रेणी में आने वाले जनपदों को विशेष ध्यान देते हुए संबंधित विभागों के साथ प्रभावी मॉनिटरिंग एवं आवश्यक समन्वय से प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोजगार परक योजनाओं में बैंकों से समन्वय करते हुए योजनाओं की प्रगति बढ़ाए, तथा बैंक द्वारा लगाई जा रही आपत्तियों को संबंधित विभागों से निस्तारित कराते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। आयुक्त गढ़वाल मण्डल ने स्वरोजगार परक योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि केन्द्र एंव राज्य सरकार द्वारा संचालित ध्वज वाह्क कार्यक्रमों यथा मनरेगा, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, सौर स्वरोजगार योजना, पीएमईजीपी, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, होम स्टे योजना, एनआरएलएम, एनयूएलएम योजनाओं में विशेष ध्यान देते हुए प्रगति बढ़ाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मातृ वन्दन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की नियमित समीक्षा करते हुए शत–प्रतिशत प्रगति बढ़ाए। उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य एवं केन्द्र पोषित योजनाओं, बीस सूत्रीय कार्यक्रम आदि योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा एवं प्रगति को बढ़ाते हुए अपने जनपदों को ए–श्रेणी में लाए इसके लिए विभागीय स्तर पर भी अधिकारी समन्वय से कार्य करें तथा योजनाओं को धरातल पर लाते हुए विभाग एवं जनपदों को ए–श्रेणी में बनाए। साथ ही प्रयास करें कि जो विभाग ए–श्रेणी में है वह ए–श्रेणी में ही रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में पौड़ी एवं हरिद्वार जनपद के ए–श्रेणी में रहने पर प्रशंसा करते हुए अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मा0 मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण योजनाओं को गंभीरता से लेते हुए लक्ष्य के सापेक्ष पात्र लाभार्थियों को स्वरोजगार योजना से लाभान्वित करते हुए ए–श्रेणी में लाए। वहीं स्वरोजगारपरक योजनाओं में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मुहैया कराने हेतु मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेखीय विभाग की योजनाओं को महाप्रबन्धक उद्योग एवं क्षेत्रीय प्रबन्धक लीड बैंक के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कराते हुए बैंकों में लंबित आवेदनों को त्वरित निस्तारण करते हुए लाभार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए। बैठक में समस्त मुख्य विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। तथा आयुक्त शिविर कार्यालय में मण्डलीय संयुक्त निदेशक अर्थ एवं संख्यक श्रीमती गीताजंलि गोयल, मण्डलीय अर्थ एवं संख्याधिकारी श्रीमती शिल्पा भाटिया, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी उपस्थित रहे।

## सुमाड़ी में पेयजल किल्लत को लेकर लोगों ने ब्लाक प्रमुख का किया घेराव

रुद्रप्रयाग। विकासखण्ड जखोली के प्रवेश द्वार सुमाड़ी बाजार में पेयजल किल्लत को लेकर स्थानीय लोगों ने ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल का घेराव कर समस्या का निदान करने की मांग की है। क्षेत्र पंचायत की बैठक में जाते समय सुमाड़ी में स्थानीय लोगों ने उनका घेराव कर अविलम्ब समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। आक्रोशित लोगों का कहना था कि भारी वर्षा के चलते भी सुमाड़ी में पेयजल मुहैया न होना जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण ही लोग प्यांसे रहने को मजबूर हैं। प्रमुख प्रदीप थपलियाल ने अविलम्ब जल संस्थान के अधिशासी अभियन्ता को मौके पर बुला कर समस्या के समाधान की मांग की है। इस पर ईई जलसंस्थान ने सात दिन की समय सीमा में समस्या का समाधान करने की बात कही है। इस पर लोगों ने ब्लाक प्रमुख को बैठक में जाने दिया है।

# युवती से दुष्कर्म के बाद ब्लैकमेल कर मांगे 50 लाख रुपए

देहरादून। दुष्कर्म के बाद युवती को ब्लैकमेल कर आरोपी ने 50 लाख रुपये मांगे। आरोप है कि युवक ने फर्जी निकाह नाम भी बनाया। उसके जरिए पीड़िता के खिलाफ महिला हेल्पलाइन में भी शिकायत की। मामले में डालनवाला थाना पुलिस ने आरोपी वकील के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।इंस्पेक्टर डालनवाला राजेश साह ने बताया कि पीड़ति युवती ने तहरीर दी। बताया कि दानिश खान निवासी डालनवाला और वह 2012 में एक स्कूल में पढ़ते थे। पीड़िता आठवीं और आरोपी 12वीं कक्षा में था। दोनों में दोस्ती हुई। आरोप है कि दानिश उसे एक दिन बहलाकर सहस्त्रधारा रोड स्थित रेस्टोरेंट में लेकर गया। वहां पीड़िता से दुष्कर्म किया और इसके बाद अपने मोबाइल में उसकी अश्लील फोटो खींच ली। 12वीं पास कर दानिश स्कूल से चला गया। आरोप है कि इसके बाद वह बार–बार उससे शारीरिक संबंध बनाता था। तंग आकर पीड़िता ने नौवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ दी और घर से बाहर निकलना बंद कर दिया। आरोप है कि 2015 में वह घर से काम से बाहर जा रही थी। पीड़िता को आरोपी जबरन अपनी कार में बैठाकर रिस्पना पुल स्थित गेस्ट हाउस में लेकर गया। वहां भी जबरन बलात्कार किया और वीडियो बना ली। इसके बाद पीड़िता को और ज्यादा ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि 22 फरवरी 2016 में दानिश मिला और उर्दू में लिखे प्रिंटे पेपर पर उसके हस्ताक्षर करवा लिए। आरोपी अगस्त 2020 तक पीड़िता से मिलता रहा। इसके बाद संपर्क पूरी तरह खत्म हो गया।

कुछ समय बाद पीड़िता को महिला हेल्पलाइन से फोन आया। तब वहां उसने फर्जीवाड़े से बनाया निकाह नाम दिखाया। वहां पीड़िता के परिजनों ने मामला बताया तो केस बंद हो गया। आरोप है कि इसके बाद पीड़िता के परिजनों को ब्लैकमेल कर 50लाख रुपये की मांग कर रहा है। पुलिस ने मामले में दानिश खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच महिला दरोगा अनिता बिष्ट के पास है।

# चमोली एसटीपी हादसे में हत्या का केस दर्ज कराए सरकार: गणेश गोदियाल

देहरादून। कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने चमोली एसटीपी हादसे में आरोपियों के खिलाफ गैर ईरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। कहा की सरकार आरोपी कंपनियों को बचाने का प्रयास कर रही है। तत्काल आरोपी कंपनियों के मालिकों के नाम सार्वजनिक किए जाएं।कांग्रेस भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा की चमोली एसटीपी हादसे में कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किए जाने की घोषणा कर सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि इससे कुछ नहीं होने वाला है। क्योंकि दूसरे राज्यों में इन कंपनियों को काम मिलने पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। सरकार को चाहिए की इन कंपनियों की संपत्ति जब्त करने के साथ नीलाम की जाए। जो पैसा मिले, उसे प्रभावित परिवारों में बांटा जाए। प्रभावितों को 25 लाख मुआवजा और हर परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए। उन्होनें कहा की सरकार के लिए लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है। उसका फोकस कंपनियों के मालिकों को बचाने पर है।

गोदियाल ने चिकित्सा सेवा चयन आयोग भर्ती पर सवाल उठा कर स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत को घेरा। कहा की लोक सेवा आयोग की परिधि के पदों पर बिना किसी नियम में बदलाव किए चिकित्सा सेवा चयन आयोग से भर्ती करा दी। भर्ती में नियम कायदों की धज्जियां उड़ाई गई। भाजपा नेताओं के रिश्तेदारों को कम नंबर आने के बाद भी भर्ती किया गया। आरोप लगाया कि सरकार स्वास्थ्य, कॉपरेटिव, उच्च शिक्षा और शिक्षा विभाग की गड़बड़ियों पर आंख मूंदे है।

गोदियाल ने कहा की भाजपा ऋषिकेश– कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का झूठा श्रेय ले रही है। जबकि हकीकत ये है की यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के हाथों इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ हुआ। आज भी शिलान्यास का पत्थर मौके पर लगा है। इस शिलापट को सरकार या तो ऋषिकेश स्थित रेलवे स्टेशन पर लगाए या फिर सीएम आवास में लगाया जाए, ताकि सरकार को असल हकीकत हमेशा याद रहे। कहा की सरकार बाघों का संरक्षण करने को अपनी उपलब्धि बता रही है, लेकिन आम जन की सुरक्षा नहीं हो पा रही है।

## गौ को किया जाए राष्ट्रमाता घोषितः गोपालमणि महाराज

रुद्रप्रयाग। गोपालमणि महाराज के प्रेस प्रवक्ता कालिका प्रसाद सेमवाल ने कहा कि केंद्र सरकार को शीघ्र गौ को राष्ट्र माता घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देशभर में गौ को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए लम्बे समय से मांग की जा रही है। उन्होंने बताया कि 20 नवम्बर को गोपाष्टमी के मौके पर गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय स्तर की एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी। जिसका नेतृत्व गोपालमणि महाराज करेंगे। इस रैली में लाखों गौ भक्त और साधु संत शामिल होकर केंद्र सरकार से गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग करेंगे। सेमवाल ने बताया कि गौ कथा वाचक गोपालमणि महाराज मोक्षधाम श्री केदारनाथ में आज से 5 अगस्त तक श्रीराम कथा करेंगे।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में 99 शिकायतें प्राप्त



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में प्रत्येक सोमवार की भांति जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 99 शिकायतें प्राप्त हुई। अधिकतर शिकायतें भूमि संबंधी प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त शिक्षा, एमडीडीए, नगर निगम, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, सिंचाई, विद्युत, पेयजल, नल कूप, पीएमजीएसवाई, खनन, पूर्ति, आबकारी आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने भूमि संबंधी शिकायतों पर राजस्व एवं नगर निगम सहित वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन–जिन स्थानों पर संयुक्त निरीक्षण किया जाना है ऐसे प्रकरणों पर मौके पर जाकर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि फर्जीवाड़े की शिकायतों पर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि संबंधी प्रकरणों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए जांच कर कार्यवाही करें ताकि जनमानस को अनावश्यक ना भटकना पड़े। उन्होंने शराब की ओवर रेटिंग की शिकायत पर जिला आबकारी अधिकारी को ओवर रेटिंग रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने रानीपोखरी में अतिक्रमण की शिकायतों पर उपजिलाधिकारी ऋषिकेश को मौके पर जाकर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने सुस्वा नदी श्रेणी की भूमि पर फर्जी रजिस्ट्री की शिकायत पर उपजिलाधिकारी डोईवाला को कार्यवाही के निर्देश दिए, जिस पर उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण पर रोक लगाई गई है।

# पार्षदों ने किया नगर निगम के बाहर प्रदर्शन



देहरादून। नगर निगम के पार्षदों ने राजपुर क्षेत्र की समस्याएं हल नहीं करने पर सोमवार को निगम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। स्थानीय पार्षद उर्मिला थापा ने कहा कि उनके वार्ड में बिना सत्यापन एक व्यक्ति को दुकान आवंटित कर दी गई। जो जमीनों पर कब्जे की शिकायतें थी। उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम के स्तर से कोई जांच की जा रही है तो पार्षदों को इसकी जानकारी दी जाए। काठबंग्ला में जलभराव की समस्या को हल करने के लिए राहत कार्य नहीं करवाने और सत्यान मौहल्ले में नाली का निर्माण नहीं होने को लेकर भी पार्षद ने नाराजगी जताई। इसके अलावा नालों की सफाई करवाने की मांग की। पार्षदों ने कहा कि साठ स्ट्रीट लाइटों की शिकायत करने पर महज पांच से सात लाइटें ठीक कर कंपनी के कर्मचारी वापस लौट जाते हैं। पिथुवाला वार्ड के पार्षद हरी प्रसाद भट्ट ने कहा कि स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का समय से पूरा करवाया जाए और जहां जरूरत है, वहां नई लाइटें लगवाई जाएं। इस दौरान उर्मिला ढौंडियाल थापा, अमित भंडारी, हुकुम सिंह, महेंद्र रावत, मो. इलियास, सुशांत बोहरा, अनूप कपूर, परवेश त्यागी, अर्जुन सोनकर, संगीता गुप्ता, सावित्री थापा आदि मौजूद थे।

# व्यापारियों ने जीएसटी की कार्रवाई में रियायत मांगी

देहरादून। व्यापारियों ने जीएसटी को लेकर कर विभाग की कार्रवाई में रियायत मांगी है। उन्होंने कहा कि बिल या सामान में छोटे–छोटी गलती पर जुर्माना न वसूला जाए। वहीं, कर विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर ने भी व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को लक्ष्मी रोड स्थित जीएसटी कार्यालय में ज्वाइंट कमिश्नर संजीव सोलंकी से मिला। व्यापारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर सामान चैंकिंग के दौरान मामूली गलतियों पर भारी जुर्माना वसूला जा रहा है। इससे छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन बाजार के चलते व्यापारी पहले ही मंदी की मार झेल रहे हैं। लिहाजा, जीएसटी अदा करने के बाद यदि सामान में मामूली अंतर मिले तो रियायत दी जाए। सोलंकी ने कहा कि विभागीय कार्यों की सरकारी स्तर से निगरानी हो रही है। हाल ही में विभाग के तीन अफसर निलंबित भी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारी जहां से सामान मंगवा रहे हैं, वहां से बिल के हिसाब से सामान ट्रांसपोर्ट करने को कहें।

# चिकित्सा चयन बोर्ड ने नकारे भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप

देहरादून। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने आयुर्वेद डॉक्टरों के 253 पदों के लिए आयोजित हुई भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि भर्ती पूरी पारदर्शिता के साथ कराई गई है। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ डीएस रावत की ओर से सोमवार को बोर्ड कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात कही। उन्होंने बताया कि कुछ लोग सोशल मीडिया में भर्ती परीक्षा को लेकर भ्रामक बातें फैला रहे हैं, जबकि उत्तराखंड बेरोजगार संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भी भर्ती में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। बेरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार के साथ ही शिव प्रसाद सेमवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कई बिंदुओं पर आपत्ति जताते हुए डॉ डीएस रावत से मुलाकात की। उसके बाद बोर्ड के अध्यक्ष ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा सरकार द्वारा 2020 में बनाई गई सेवा नियमावली के तहत कराई गई। भर्ती प्रक्रिया के तहत पहले लिखित परीक्षा आयोजित हुई जो केवल स्क्रीनिंग परीक्षा थी। इस परीक्षा के आधार पर एक सीट के मुकाबले तीन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। उन्होंने कहा कि लिखित परीक्षा में कम अंक लाने वाले छात्र केवल आरक्षित श्रेणियों में ही चयनित हुए हैं। ऐसे में परीक्षा में कम अंक लाने वालों के चयन का आरोप पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार प्रक्रिया 100 अंकों की थी जिसमें से 60 अंक इंटरव्यू जबकि 40 अंक अकादमिक के तय किए गए थे। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार में 60 में से 59 अंक किसी भी अभ्यर्थी को नहीं दिए गए।

# मसूरी कॉलेज में प्रवेश को सीयूईटी से दी जाए छूट

देहरादून। मसूरी टेडर्स एंड वेलफेयर एसोसिएशन ने एमपीजी कालेज के प्राचार्य को ज्ञापन देकर प्रवेश प्रक्रिया में सीयूईटी से छूट देने की मांग की है। इसे लेकर एसोसिएशन ने शिक्षा मंत्री को भी ज्ञापन भेजा है और कहा कि सीयूसीईटी को अनिवार्य किए जाने के कारण छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एमपीजी कॉलेज में यूजीसी की नई व्यवस्था के तहत दाखिले के लिए छात्र–छात्राओं को ऑनलाइन पंजीकरण करने के साथ ही सीयूईटी की अनिवार्यता की गई है। कई छात्र सीयूईटी की परीक्षा ही नहीं दे पाए, ऐसे में वह इस सत्र में मसूरी एमपीजी कॉलेज में प्रवेश से वंचित रह सकत हैं। एसोसिएशन ने उत्तराखंड के राज्य विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में पुरानी व्यवस्था के तहत ही इंटर के अंकों के आधार पर स्नातक में प्रवेश देने की मांग की है। कहा कि उत्तराखंड के महाविद्यालयों को इस वर्ष सीयूसीईटी में शामिल नहीं होना चाहिये और ये प्रक्रिया अगले वर्ष से पूर्ण रूप से अधिक से अधिक प्रचार के साथ लागू होनी चाहिये। ज्ञापन के बारे में बताते हुए ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि नये नियमों के तहत सीयूसीईटी के आधार पर प्रवेश होना है जिसमें पंजीकरण होगा व उसके बाद टेस्ट होगा ऐसे में छात्र इसके लिए तैयार नहीं थे। क्योंकि पहाड़ी राज्य होने के कारण छात्रों को इसकी पूरी जानकारी नहीं थी व न यहां पर इंटरनेट की बेहतर सुविधा है।

## आई रेड ऐप की जानकारी दी

चमोली। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा बनाए गए इंटीग्रेटेड रोड़ दुर्घटना डेटाबेस एप (आई रेड) का जनपद में विभिन्न विभागीय कार्मिकों को प्रशिक्षण में सड़क दुर्घटनाओं से सम्बंधित कारणों को बताया गया। यह एप सड़क दुर्घटनाओं की लाइव लोकेशन को कैप्चर करता है। इससे ब्लैक स्पॉटों पर सुरक्षात्मक कार्य करते हुए संभावित दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। चमोली सूचना विज्ञान केन्द्र में आई–रेड एप मैनेजर दीपक सिंह रावत ने बताया कि पुलिस, संबधित विषयों का प्रशिक्षण दिया गया है। विभागों को समय समय पर आवश्यक तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण रैली निकाली

चमोली। गोपीनाथ मंदिर में आयोजित हो रहे एक मास के रुद्रमहाभिषेक में आमंत्रित ठुमक गांव के बजीर देवता और अन्य देवताओं के साथ आए ग्रामीणों ने रुद्राक्ष के पौधे लगाए। चरण पादुका गोथल समिति और संकल्प अभियान की ओर से अलग–अलग स्थानों पर वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

चरण पादुका गोथल समिति की सचिव मीना तिवारी ने बताया बीते दो दिनों में करीब एक हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान गंगोलगांव में महिला मंगल दल की महिलाओं और युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण रैली आयोजित की। वहीं, पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान और केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी इंद्र सिंह नेगी ने किया। ग्वाड़ गांव में महिला मंगल दल, युवक मंगल दल की महिला व युवाओं ने वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस मौके पर गोथल समिति के संरक्षक सुधीर तिवारी, वन सरपंच कमला देवी, देवेंद्र सिंह बिष्ट, संदीप बिष्ट, दीपक बिष्ट आदि मौजूद रहे।

सम्पादकीय

# खतरे में मासूम बच्चे

सड़कों पर घूमते आवारा पशुओं को आश्रय देने के नाम पर कुछ पशु प्रेमी संगठन ऐसे जानवरों के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई का विरोध करते हैं जिसका खामिया आम जनता को उठाना पड़ता है। हालत यह है कि सड़कों पर घूमते आवारा पशु कब किसकी जान का दुश्मन बन जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। आवारा पशुओं के कारण होने वाली घटनाओं में से एक दर्दनाक घटना उत्तराखंड के पौड़ी जनपद में सामने आ रही है जहां स्कूल जा रही एक 5 साल की बच्ची पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया और उसे बुरी तरह नोच डाला। गनीमत है कि राहगीरों ने किसी तरह बच्ची को बचाया और उसे अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल बच्ची उपचार्थ है लेकिन उसकी हालत फिर भी गंभीर बनी हुई है। घटना यह बताने के लिए काफी है की महज पशु प्रेम के नाम पर जानवरों को सड़कों पर खुला छोड़ देना भी ठीक नहीं है। पूरे प्रदेश के अंदर आवारा कुत्तों की संख्या बेतहाशा गति से बढ़ रही है हालांकि जिला प्रशासन द्वारा कुछ एनजीओ के माध्यम से इनके बंध्याकरण का कार्य भी किया जा रहा है, लेकिन बावजूद इसके इनकी संख्या में कमी होती नजर नहीं आ रही है। असल में संस्थाएं कुत्तों का बंध्याकरण करने के बाद उन्हें वापस इस क्षेत्र में छोड़ देती है जहां से उसे उठाकर लाते हैं, इस पूरी प्रक्रिया में कुत्ते प्रजनन के लायक तो नहीं रहते लेकिन जब तक जीवित हैं तब तक आम लोगों के लिए खतरा ही बने रहते हैं। ऐसी घटना मात्र पौड़ी में ही देखने को नहीं मिली है बल्कि इससे पूर्व उत्तराखंड के कई क्षेत्रों से बच्चों व बड़ों को भी नोचने की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी है। प्रश्न यहबुथता है कि क्या सिर्फ इन जानवरों का बंध्याकरण कर उन्हें छोड़ देने से इनसे होने वाले खतरे से बचाया जा सकता है? संस्थाएं बध्याकरण की कार्रवाई तो करती है, लेकिन कुत्तों से फैलने वाले रोगों को लेकर उनका वैक्सीनेशन नहीं किया जाता। साथ ही छोटे मासूम बच्चों के लिए यह आवारा कुत्ते हमेशा ही एक बड़ा खतरा बने रहते हैं जिससे लोगों को निजात दिलाना बेहद जरूरी हो गया है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न सामाजिक संगठनों व पशु प्रेमियों द्वारा कुत्तों को मारे जाने के बाद की जाने वाली कार्रवाई से लोग अब आवारा हिंसक कुत्तों को मरने से बचते हैं ताकि किसी कानूनी पचड़े में ना पड़े, किसी भी पशु को मारना तब तक उचित नहीं है जब तक वह समाज के लिए बड़ा खतरा न बन जाए। एक आदमखोर बाघ भी जब इंसानी जीवन के लिए खतरा बनता है तो उसे मौत के घाट उतारने का फरमान जारी किया जाता है, तो फिर गली मोहल्ले में घूमने वाली इस खुली मौत का अंत करने में आखिर इतनी कानूनी पेचीदगियां क्यों जोड़ दी गई है? कोई दो राय नहीं है कि कुत्ते इंसान के जीवन के सबसे करीबी जानवर हैं, लेकिन इनका हिंसक होना इंसान के लिए ही अक्सर जानलेवा भी बनता आया है। क्या इन मासूम बच्चों के जीवन से अधिक उपयोगी आवारा कुत्तों का जीवन हो सकता है, जो कब किसके लिए हिंसक हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। पौड़ी की इस घटना ने छोटे बच्चों की सुरक्षा पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं और निकायों को अब यह गंभीरता से सोचना होगा कि इस प्रकार के आवारा जानवरों से कैसे समाज को सुरक्षित किया जाए? आवारा कुत्तों के कारण दूसरों के जीवन को खतरे में नहीं डाला जा सकता अतः जहां संभव हो वहां तत्काल हिंसक साबित होने वाले ऐसे आवारा जानवरों का अंत करना बेहद जरूरी है।

# विदेश नीति की बढ़ती चुनौतियां



**भारत–चीन संबंधों को झटके लगते रहे जिनमें मुख्य गलती चीन की आक्रमकता की थी। इसके बाद संबंध सुधारने के प्रयास हुए व इनमें कुछ सफलता मिली थी। पर कुल मिलाकर संबंधों में खटास बनी रही और हाल के समय में चीन की आक्रमकता और बढ़ी। कुल मिलाकर भारत का अनुभव यह रहा है कि चीन राजनीतिक और आर्थिक दोनों खतरों पर अधिक आक्रमक नीतियां अपनाता है। इसके बावजूद यह उचित नहीं होगा कि चीन और अमेरिका के अधिक बड़े टकराव में भारत पूरी तरह अमेरिकी कैंप से जुड़ जाए। यह करने से भारत अधिक बड़ी सैन्याक्तियों के टकराव में पिस जाएगा। अत: भारत को किसी भी गुट से नहीं जुडऩा चाहिए व विदेश नीति संबंधी अपनी स्वतंत्रता को बनाए रखना चाहिए। चाहे चीन ने हमें पहले कितना भी निराश किया हो, दोनों पड़ोसी देशों की मित्रता के लाभ इतने अधिक हैं कि इन मित्रता की संभावनाओं को खुला रखना होगा।**

**भारत डोगरा**

विश्व शांति को बढ़ते खतरों के बीच विकासशील देशों की विदेश नीति संबंधी कठिनाइयां और चुनौतियां बढ़ गई हैं। इस संदर्भ में मूलतः उनके सरोकार दो तरह के हैं और उनमें समन्वय बनाना जरूरी है।

उनका पहला उद्देश्य यह है कि विश्व की बढ़ती जटिलताओं के बीच वे अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करें व अपने देश के लोगों के हितों की रक्षा करें। उनका दूसरा उद्देश्य यह है, या होना चाहिए कि विव अमन शांति में, न्याय व समता आधारित वि व्यवस्था में, वि स्तर पर पर्यावरण की रक्षा में भरसक अपना सहयोग दें। जहां तक राष्ट्रीय हितों का सवाल है तो स्पष्ट है कि कोई भी देश ऐसी स्थिति में नहीं आना चाहेगा, जिससे उसकी संप्रभुता और सीमाओं के खतरा पहुंचे। इसके साथ कोई भी विकासशील देश यह चाहेगा कि कृषि व खाद्य, व्यापार, निवेश, विदेशी कर्ज, करेंसी, पेटेंट, टैक्स, खनिज, ऊर्जा, जैविक संपदा व पर्यावरण आदि के मामलों में उससे अन्याय न किया जाए व अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थिति ऐसी बनी रहे जो देश की स्थितियों के अनुकूल हो।

अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए विकासशील देशों को चाहिए कि अमेरिका व नाटों देशों की रूस व चीन के प्रति जो दुश्मनी है, उसमें वे किसी एक गुट से न जुड़े अपितु गुट–निरपेक्ष देशों की ताकत को बढ़ाएं। कुल मिलाकर संयुक्त राज्य अमेरिका की नीतियां इराक, लीबिया, ईरान, सीरिया यमन व अफगानिस्तान जैसे कई देशों के प्रति बहुत अन्यायपूर्ण रही हैं, व जहां ऐसी नीतियों का विरोध जरूरी है, वहां करना चाहिए पर इस तरह से कि इतनी बड़ी सैन्य महाशक्ति से दुश्मनी न मोल ली जाए। दूसरी ओर चीन ने भी कई बार बहुत आक्रमकता का परिचय दिया है। यदि संयुक्त राज्य अमेरिका की आक्रमकता के साथ चीन की आक्रमकता क भी विरोध किया जाए तो यह अधिक न्यायसंगत होगा।

इस संदर्भ में यह सवाल सामने आता है कि अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में व वि शांति व न्याय को बढ़ावा देने में कोई परस्पर विरोध न उत्पन्न हो जाए। जिन देशों से अमेरिका ने अन्याय किया है, उनके पक्ष में खड़े होना जरूरी है पर इसके साथ ही अमेरिका के भीतर जो अमन–शांति व न्याय की ताकतें हैं, उनसे नजदीकी संबां भी बनाए रखनी चाहिए ताकि अमेरिका में भी मित्रता के संबां बने रहे। अमेरिका कोई सही कदम उठाए, तो वहां उसका समर्थन भी करना चाहिए। अमेरिका इस समय रूस के प्रति बहुत आक्रमक है व रूस पर अमेरिका ने अनेक प्रतिबां लगाए है। भारत इस आक्रमकता का समर्थन नहीं कर सकता है और रूस के साथ भारत के पुराने मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं, उससे भारत को बहुत कठिन समय में सहायता मिली है (जैसे कि बांग्लादेश की स्वाधीनता के युद्ध के समय) व इस मित्रता को हमें कठिन वक्त में बचाए रखना चाहिए)। दूसरी ओर चीन से भारत को बहुत निराशा व आक्रमकता ही प्राप्त हुई है। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत और चीन यदि सही अथरे में मित्र देश रहे होते तो इनसे इन दोनों देशों का, एशिया व दुनिया का बहुत भला होता। भारत की आजादी के बाद जवाहरलाल नेहरू ऐसे प्रधानमंत्री थे जो इन दोनों देशों की मित्रता को बहुत महत्त्व देते थे। पर पहले चीन ने तिब्बत पर एकपक्षीय कार्रवाई की और फिर 1962 के हमले में और भी अधिक आक्रमक कार्रवाई दिखाई। दरअसल, 1959–61 के मानव निर्मित अकाल के कारण इस समय चीन की सरकार के विरुद्ध आंतरिक असंतोष बढ़ रहा था और इस स्थिति में भारत पर आक्रमण द्वारा अपनी शक्ति–प्रदर्शन चीन ने किया जो अनुचित व अनैतिक था। इसके लिए चीन ने ऐसा समय चुना जब क्यूबन मिसाइल संकट के कारण अमेरिका का ध्यान उस ओर केंद्रित था व अमेरिका व रूस अपने बीच किसी बड़े युद्ध की आशंका को टालने में व्यस्त थे। फिर जब बांगलादेश स्वाधीनता का युद्ध हुआ तो सभी साम्यवादी मान्यताओं को दुत्कारते हुए चीन ने पाकिस्तान की याहया खान तानाशाही का समर्थन बांगलादेश के स्वतंत्रता संग्राम के विरुद्ध किया।इस तरह एक के बाद एक भारत–चीन संबंधों को झटके लगते रहे जिनमें मुख्य गलती चीन की आक्रमकता की थी। इसके बाद संबंध सुधारने के प्रयास हुए व इनमें कुछ सफलता मिली थी। पर कुल मिलाकर संबंधों में खटास बनी रही और हाल के समय में चीन की आक्रमकता और बढ़ी। कुल मिलाकर भारत का अनुभव यह रहा है कि चीन राजनीतिक और आर्थिक दोनों खतरों पर अधिक आक्रमक नीतियां अपनाता है। इसके बावजूद यह उचित नहीं होगा कि चीन और अमेरिका के अधिक बड़े टकराव में भारत पूरी तरह अमेरिकी कैंप से जुड़ जाए। यह करने से भारत अधिक बड़ी सैन्याक्तियों के टकराव में पिस जाएगा।

अतः भारत को किसी भी गुट से नहीं जुडऩा चाहिए व विदेश नीति संबंधी अपनी स्वतंत्रता को बनाए रखना चाहिए। चाहे चीन ने हमें पहले कितना भी निराश किया हो, दोनों पड़ोसी देशों की मित्रता के लाभ इतने अधिक हैं कि इन मित्रता की संभावनाओं को खुला रखना होगा। यदि चीन की नीयत और नीति बदलती है और वह सही अथरे में दोस्ती का हाथ बढ़ाता है तो भारत को यह दोस्ती का हाथ फिर भी थाम लेना चाहिए। इस उदाहरण से पता चलता है कि विदेश नीति में कितनी पेचीदगियां हैं व वे बढ़ भी रही हैं। इन बढ़ती पेचीदगियों के बीच भारतीय विदेश नीति कुल मिलाकर काफी सफल रही है और अनेक विकासशील देश विभिन्न मुद्दों पर भारत के रुख पर बहुत ध्यान देते हैं। इस स्थिति को आगे ले जाते हुए भारत को गुट–निरपेक्ष देशों के समूह को और गुट–निरपेक्षता को मजबूत करने में अधिक सशक्त भूमिका निभानी चाहिए व गुट–निरपेक्ष देश के नेतृत्व में और भी अधिक मान्यता प्राप्त करनी चाहिए। ब्रिक्स समूह का महत्त्व भी बढ़ रहा है पर गुट–निरपेक्ष देशों के समूह की सदस्य संख्या बहुत ज्यादा है और इसका अपना एक ऐतिहासिक महत्त्व भी है।

जलवायु बदलाव संबंधी कार्यक्रम जहां पर्यावरण रक्षा के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है वहां अंतरराष्ट्रीय संबंधों व राजनयिक स्तर पर भी यह विषय महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है। इसमें विकासशील देशों को एक विशेष सावधानी यह रखनी चाहिए कि इस विषय पर धनी देश फिर से चालाकी कर इसे अपने स्वार्थ साधने के लिए दुरुपयोग न करें। ऐसे कुछ आसार तो नजर आ ही रहे हैं अतः सावधानी की जरूरत है। जलवायु बदलाव के संकट का समाधान न्याय की राह पर चलते हुए होना चाहिए व इसमें विकासशील देशों के साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए। इसी तरह व्यापार व निवेश, पेटेंट आदि की नीतियों में भी विकासशील देशों से अन्याय नहीं होना चाहिए।

जिस समय व्यापार व्यवस्था गैट से विश्व व्यापार संगठन की ओर बढ़ी उस समय विश्व व्यापार के निर्णय पहले से और अधिक अन्यायपूर्ण कर दिए गए। अब अनेक व्यापार समझौतों से स्थिति और भी अधिक धनी देशों के पक्ष की ओर जा रही है। अतः विकासशील देशों को इसके विरोध में भी और सक्रिय होना चाहिए। विकासशील देशों को इस तरह के अनेक विषयों में अन्याय और विषमता को रोकने के लिए अपनी एकता को बढ़ाना चाहिए। विकासशील देशों के हितों की रक्षा में व उनकी बढ़ती एकता में भारत की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका संभव है व इसे भारत को पूरी जिम्मेदारी से निभाना चाहिए।

# क्या आपको भी फोन कॉल उठाने में होती है झिझक? कहीं आप फोन एंग्जाइटी के शिकार तो नहीं



आज के दौर में जहां कम्युनिकेशन तकनीक तेजी से विकसित हो रहा है, हर किसी की दुनिया फोन के इर्द–गिर्द घूम रही है.हर काम आप एक फोन कॉल करके आराम से कर सकते हैं. ऐसे में कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके लिए फोन कॉल चिंता का कारण भी बन जाता है. जी हां जब उनके फोन की बेल बजती है तो उन्हें घबराहट और चिंता होने लगती है. फोन उठाने से पहले वो 100 दफा सोचते हैं. अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो ये एक तरह की समस्या है. इसे फोन कॉल एंग्जाइटी के नाम से जाना जाता है. आइए जानते हैं इसके बारे में विस्तार से...

फोन कॉल एंग्जाइटी क्या है?

फ़ोन कॉल एंग्जाइटी, जिसे टेलीफ़ोबिया या टेलीफ़ोनिक चिंता के रूप में भी जाना जाता है. एक अजीब तरह की चिंता होती है जिसे व्यक्ति फ़ोन कॉल करते या उठाते समय अनुभव करता हैं.इसमें फोन बजने पर हम सोचने लगते हैं कि फोन उठाना चाहिए या नहीं. ये फ़ोन कॉल एंग्जाइटी नॉर्मल, स्ट्रेस और तनाव का ही एक रूप है. इसमें व्यक्ति को फोन पर किसी से बात करने का मन नहीं करता है. व्यक्ति ये सोचने लगता है कि सामने वाला व्यक्ति फोन पर उससे किस तरह से बात करेगा. फोन पर बात करते वक्त किसी तरह की असुविधा तो नहीं होगी वगैरा–वगैरा...

फ़ोन कॉल एंग्जाइटी कई स्थितियों में पैदा हो सकती है

*जॉब रिलेटेड फोन कॉल या फिर बिजनेस को लेकर क्लाइंट से इंपॉर्टेंट डिस्कशन को लेकर चिंतित महसूस करना

*दोस्तों या परिवार के सदस्यों को मिलने या प्लान बनाने के लिए बुलाने के बारे में चिंतित महसूस करना.

*फ़ोन पर अपॉइंटमेंट लेते समय या सामान ऑर्डर करते समय अत्यधिक घबराहट होना.

फ़ोन कॉल एंग्जाइटी के लक्षण

* फ़ोन कॉल की एंग्जाइटी से ग्रस्त व्यक्ति अक्सर कॉल करते या उठाते समय तेज़ दिल की धडक़न या सीने में तेज़ सनसनी का अनुभव करते हैं.

*अत्यधिक पसीना आना और हाथ या आवाज कांपना फोन कॉल चिंता से जुड़े सामान्य शारीरिक लक्षण हैं.

*जिन लोगों को फोन कॉल एंजाइटी होती है उन्हें इस बात का डर लगा रहता है कि सामने वाला आपको नेगेटिव जज तो नहीं करेगा.

*फोन कॉल एंग्जाइटी के शिकार लोगों को बातें शुरू करने और खत्म करने में हिचकिचाहट होना भी शमिल है.

*कई बार फोन उठाने के कुछ देर बाद हम खामोश रहते हैं और कुछ भी बोल नहीं पाते हैं. ऐसे में हमें फोन उठाने से पहले इस खामोशी से गुजरने का डर लगा रहता है.

# सब कुछ नकली और दिखावा



**हरिशंकर व्यास**

देश की राजनीति और समाज में सब कुछ बदल गया है! सारी चीजें नकली और दिखावे वाली हो गई हैं! दिखावे का दुख है, दिखावे के आंसू हैं, दिखावे का गुस्सा है, दिखावे का प्यार है और यहां तक कि अर्थव्यवस्था के आंकड़े भी दिखावे के हैं, नकली हैं या आधे अधूरे हैं। जिन आंकड़ों को हार्ड फैक्ट कहा जाता है वह भी फैक्ट नहीं होकर नकली है। उपलब्धियों का झूठा बखान है और लोगों का कल्याण कर देने, देश को बदल देने का झूठा आख्यान है। ऐसा नहीं है कि नेता पहले सत्यवादी हरिश्चंद्र होते थे और झूठ की शुरुआत अभी हुई है। लेकिन पहले सच और झूठ का, असली और नकली का एक संतुलित अनुपात होता था। अब वह अनुपात बिगड़ गया है। अब धीरे धीरे सच की मात्रा घटते घटते लुप्त हो गई है। अब सिर्फ झूठ चल रहा है। अब सिर्फ झूठे नैरेटिव हैं, झूठी कहानियां और झूठे दावे हैं।

राज्यसभा में पिछले दिनों कांग्रेस सांसद अमी याज्ञनिक ने पूछ दिया कि मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार पर महिला व बाल विकास मंत्री कुछ क्यों नहीं बोल रही हैं तो महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी का जो रौद्र रूप दिखा वह हैरान करने वाला था। उनका गुस्सा, उनका चीखना–चिल्लाना सब नकली था, दिखावा था और अभिनय के लंबे प्रयास से साधा हुआ था। वह उतना ही नकली था, जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मणिपुर के मसले पर दुख जताना था, जिसे लेकर 'द टेलीग्राफ' अखबार ने घडिय़ाली आंसू की हेडिंग बनाई थी। मणिपुर में करीब तीन महीने से हिंसा चल रही है। सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं, हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और राहत शिविरों में रह रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार की सैकड़ों घटनाएं हुई हैं, जैसा कि खुद भाजपा के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और महिला व बाल विकास मंत्री को इसकी जानकारी मिलती होगी। लेकिन 77 दिन में न प्रधानमंत्री ने एक बार दुख जताया और न महिला व बाल विकास मंत्री का गुस्सा दिखा। दुख और गुस्सा तब दिखा, जब वायरल वीडियो से दुनिया में बदनामी होने लगी और सवाल पूछा जाने लगा।

लेकिन वह दुख और गुस्सा भी कई शर्तों के साथ है। इन सवालों के साथ कि आप बंगाल पर क्यों नहीं बोलते या आप राजस्थान पर क्यों नहीं बोलते या आप तब कहां थे, जब अमुक जगह ऐसी ही घटना हुई थी? सोचें, क्या किसी मानवीय त्रासदी के समय ऐसे सवाल पूछे जा सकते हैं? पर आज हर घटना के बाद यह सवाल पूछा जाता है। पहले किसी भी मानवीय या प्राकृतिक त्रासदी के बाद की प्रतिक्रिया स्वाभाविक होती थी, उस पर स्वाभाविक रूप से चर्चा होती थी और सहज भाव से दुख प्रकट किया जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। अब सब कुछ नकली होता है। इन शर्तों के साथ होता है कि आप मणिपुर पर चर्चा कराना चाहते हैं तो हम उसमें राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल भी जोड़ कर चर्चा कराएंगे। सोचें, क्या लोकतंत्र इस तरह काम करता है कि तुम हमारे शासन वाले राज्य की मानवीय त्रासदी का जिक्र मत करो वरना हम तुमको भी कठघरे में खड़ा करेंगे?

असल में राजनीति में कुछ भी स्वाभाविक रूप से होता नहीं दिख रहा है। संसद में सब कुछ मशीनी अंदाजा में हो रहा है। विपक्ष चाहे कितना भी बड़ा मुद्दा उठाए लेकिन पीठासीन अधिकारी उसे महत्व नहीं देंगे। वे सरकार का मुंह देखते रहते हैं।

संवैधानिक और वैधानिक पदों पर बैठे लोगों के पास भी असली ताकत नहीं है। सब एक व्यक्ति की आभासी ताकत से काम करते हुए हैं। मीडिया की संसद कवरेज को सीमित कर दिया गया है। सांसद मीडिया से बात नहीं करते हैं और यहां तक कि आपस में भी खुल कर बात नहीं कर सकते हैं। सब इस डर में हैं कि उन पर नजर रखी जा रही है और कहीं मीडिया या किसी दूसरी पार्टी के सांसद से बात करते देख लिए गए तो मुश्किल हो जाएगी। सत्तारूढ़ दल के सांसदों के हंसते–मुस्कुराते चेहरे संसद में देखने को नहीं मिलते हैं। सब नकली गंभीरता ओढ़े हुए रहते हैं।

और तो और अर्थव्यवस्था और विकास के आंकड़े भी असली नहीं है। सरकार संसद के बाहर कुछ दूसरा आंकड़ा देती है और संसद के अंदर कुछ और कहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल के अपने विदेश दौरे में कहा कि देश में हर साल एक आईआईटी और एक आईआईएम बन रहे हैं, जबकि संसद में एक सवाल के जवाब में सरकार ने कहा कि पिछले पांच साल से कोई आईआईटी या आईआईएम नहीं बना है। पिछले नौ साल में इनकी संख्या जरूर बढ़ गई है लेकिन कहीं इमारत पूरी नहीं है तो कहीं फैकल्टी पूरी नहीं है। दिखावे के लिए हवाईअड्डों के उद्घाटन हो रहे हैं और पहली बारिश में वहां का निर्माण टूट कर गिर रहा है। विश्वस्तरीय हवाईअड्डे बनाए जा रहे हैं और पहली बारिश में वहां नाव चलने की स्थिति पैदा हो जा रही है। डेढ़ महीने बाद दुनिया भर के नेताओं की दिल्ली में मेजबानी करनी है लेकिन जरा सी बारिश में पूरी दिल्ली ठप्प हो जा रही है। दावा विश्वगुरू बनने का है लेकिन राजधानी तक में बेसिक सुविधाएं नहीं हैं।

झूठे वादों और गारंटियों पर राजनीति है। पिछले ही साल देश के सभी नागरिकों को अपनी छत मिल जानी थी। किसानों की आय दोगुनी हो जानी थी। एक सौ स्मार्ट सिटी बन जाने वाले थे। नौ साल में 18 करोड़ लोगों को रोजगार मिल जाने थे लेकिन चुनावी साल में रोजगार मेला लगा कर 10 लाख नियुक्ति पत्र बांटने का धारावाहिक चल रहा है। भारत को 2047 में विकसित देश बनाने का वादा किया जा रहा है। दस साल में जो वादे पूरे नहीं हुए हैं उनके बारे में कोई पूछने वाला नहीं है।

ऊपर से गारंटी यह कि मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया का तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। अगर नोटबंदी नहीं हुई थी और कोरोना के समय अर्थव्यवस्था का कुप्रबंधन नहीं हुआ होता तो पिछले ही साल भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाता। अब जबकि सारे आंकड़े बता रहे हैं कि कछुए की रफ्तार से भी चलते रहे तो 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएंगे तो उसकी गारंटी दी जा रही है!

# संसद में टकराव भी एक राजनीति है

पिछले कई सत्रों से यह देखने को मिल रहा है कि किसी न किसी मसले पर संसद में गतिरोध पैदा होता है और उसके बाद लगातार टकराव चलता रहता है। ऐसा भी लगता है कि दोनों तरफ से गतिरोध दूर करने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन गतिरोध दूर नही होता है। पिछले कई सत्रों से यह भी देखने को मिला है कि लगभग सत्र निर्धारित समय से पहले समाप्त हुए हैं। भले एक दिन पहले ही समाप्त हुआ लेकिन सत्र पहले समाप्त हुआ है। संसद सत्र का एक फीचर यह भी हो गया है कि विपक्षी पार्टियां संसद के परिसर में प्रदर्शन करती हैं और सरकार बिना बहस के बिल पास करा लेती है। सवाल है कि ऐसा सहज रूप से हो रहा है या इसके पीछे कोई राजनीति है? ध्यान रहे संसद को बाधित करना भी संसदीय राजनीति का एक तरीका है, यह बात विपक्ष में रहते भाजपा के नेता अरुण जेटली ने कही थी।



हालांकि यह अभी पता नहीं है कि अभी जिस राजनीति के तहत टकराव हो रहा है और हर बार गतिरोध बन रहा है वह विपक्ष की राजनीति का हिस्सा है या सरकार की राजनीति का? पिछले दो तीन सत्र देखें तो इस ट्रेंड का एक अंदाजा लगता है। मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाने और उनके साथ यौन हिंसा का वीडियो वायरल हुआ। यह बेहद दुखद और अमानवीय घटना थी, जो चार मई को घटित हुई थी और उसी दिन वीडियो बना था। यह अनायास नहीं था कि वीडियो 19 जुलाई को वायरल हुआ। संभव है कि ज्यादा व्यापक राजनीतिक असर की वजह से वह वीडियो संसद सत्र से पहले जारी किया गया हो। उसका असर साफ दिख रहा है। संसद सत्र की कार्यवाही चार दिन ठप्प रही और अंत परिणति अविश्वास प्रस्ताव में हुई है। इस साल बजट सत्र से ठीक पहले अडानी समूह को लेकर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट आई। 31 जनवरी से बजट सत्र शुरू होने वाला था और 24 जनवरी को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई, जिसमें अडानी समूह की हजारों करोड़ रुपए की कथित वित्तीय गड़बडिय़ों की जानकारी दी गई। संसद सत्र शुरू होने के बाद विपक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण का इंतजार किया और उसके बाद हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर हंगामा शुरू हो गया। अभिषाषण पर चर्चा में राहुल गांधी ने पूरी तरह से अडानी समूह के ऊपर भाषण दिया। इसके बाद सत्र का समापन राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त करने और उस पर विवाद के साथ हुआ।

उससे पहले पिछले साल के शीतकालीन सत्र के दौरान अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सैनिकों की घुसपैठ और भारतीय सेना के जवानों के साथ उनकी झड़प का वीडियो आया। पिछले साल शीतकालीन सत्र गुजरात चुनाव की वजह से थोड़ी देरी से सात दिसंबर को शुरू हुआ था और उसके बाद नौ दिसंबर को भारत–चीन के सैनिकों की हुई झड़प का एक वीडियो सामने आया। इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में बयान भी दिया पर गतिरोध शुरू हो गया और इस वजह से 29 दिसंबर तक चलने वाला सत्र 23 दिसंबर को समाप्त हो गया। इसके पीछे जाएंगे तो हर सत्र से पहले इस तरह का कोई मुद्दा आने और गतिरोध चलने का इतिहास मिलेगा। इससे विपक्ष की राजनीति तो चमकती है पर सरकार को यह फायदा होता है कि उसे कोई भी बिल पास कराने में दिक्कत नहीं होती है।

## ईरान ने पाकिस्तान में हुए आतंकवादी' हमले की निंदा की

**तेहरान ,एजेंसी** । ईरान ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक राजनीतिक सभा पर हुए घातक 'आतंकवादी' हमले की निंदा की है। ईरान के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में प्रवक्ता नासिर कनानी ने पाकिस्तानी सरकार और लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और कहा कि दुखद घटना के मद्देनजर ईरान पाकिस्तान के साथ खड़ा है।

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार अपराह्न हुए विस्फोट में कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए। बाजौर जिले में एक राजनीतिक सभा को निशाना बनाकर यह विस्फोट किया गया। सभा में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-एफ (जेयूआई-एफ) पार्टी के 400 से अधिक सदस्य और समर्थक एकत्र हुए थे। अभी तक किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## बैंकॉक में तीन दिवसीय विश्व हिंदू कांग्रेस होगी आयोजित

**हैदराबाद ,एजेंसी।** विश्व हिंदू फाउंडेशन (डब्ल्यूएचएफ) थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में 24 से 26 नवंबर तक तीन दिवसीय विश्व हिंदू कांग्रेस 2023 का आयोजन करेगा। डब्ल्यूएचसी के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद ने आयोजित समारोह में डब्ल्यूएचसी 2023 के पोस्टर का अनावरण करने के बाद कहा कि वैश्विक कांग्रेस व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, मीडिया, राजनीतिक, महिला युवाओं, मंदिरों और समान विचारधारा वाले संगठनों के सम्मेलन में समान विचारधारा वाले लोगों की नेटवर्किंग का एक मंच है।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू उद्योगपतियों, प्रमुख व्यावसायिक हस्तियों, निपुण पेशेवरों, दूरदर्शी शिक्षाविदों, हिंदू सामाजिक-सांस्कृतिक और भाषा-आधारित संगठनों के प्रभावशाली नेताओं, मंदिरों और आध्यात्मिक संस्थानों के सम्मानित प्रमुखों के साथ-साथ डिजिटल, समाचार, सिनेमा, टीवी, मनोरंजन जैसे विभिन्न मंचों पर सकारात्मक हिंदू मूल्यों की वकालत करने वाली प्रमुख हस्तियों को साथ लाना है।

## जापान में खानून तूफान के कारण 260 उड़ानें रद्द

**टोक्यो ,एजेंसी।** जापान में तूफान खानून के असर से यहां करीब 264 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। एनएचके ब्रॉडकास्टर के अनुसार तूफान के सोमवार से मंगलवार तक ओकिनावा और अमामी के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्रों में पहुंचने की उम्मीद है। जापान एयरलाइंस (जेएएल) ने तूफान के करीब आने पर आज 67 उड़ानें रद्द कर दी हैं, जबकि ऑल निप्पॉन एयरवेज (एएनए) ने भी आज 73 उड़ानें और मंगलवार को 124 उड़ानें रद्द कर दी हैं। जापानी अधिकारियों ने ओकिनावा और अमामी निवासियों को चेतावनी दी है कि खानून तूफान से ऊंची लहरें, भूस्खलन और बाढ़ आ सकती है।

## होम गार्ड भर्ती में गुरिल्लों को सीधे भर्ती किए जाने की मांग

अल्मोड़ा। एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी, जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि राज्य सरकार द्वारा होम गार्ड की भर्ती प्रक्रिया में गुरिल्लों को सीधे भर्ती किए जाने के निर्देश जारी किए जाय। उन्होंने कहा कि 19 दिसम्बर 2011 को मुख्य सचिव उत्तराखंड शासन की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में निर्णय लिया गया था कि गुरिल्लों को होमगार्ड तथा पीआरडी के माध्यम से समायोजित किया जाएगा, किंतु उत्तराखंड शासन के अधिकारी कभी भर्ती में गुरिल्लों को पांच अधिमानी अंक देने जैसे प्रस्ताव नीचे ऊपर करते रहे

# कुछ करने के लिए इच्छा शक्ति होनी चाहिए-पहले की सरकार में: योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर, एजेंसी** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की के लिए जरूरी होता है कानून का राज। इसमें लिए आवश्यक है सुदृढ न्याय की व्यवस्था। समयबद्ध एवं सस्ता न्याय सुशासन की पहली शर्त है। अधिवक्ता चेम्बर बनने से लोगों को तुरंत न्याय मिलेगा।

मुख्यमंत्री सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित अधिवक्ता चेम्बर भवनों के लोकार्पण एवं डिजिटल लाइब्रेरी के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा न्याय व्यवस्था के अधिवक्ता प्रतिनिधि हैं।

यहां के अधिवक्ता के संगठनों के साथ मेरा पिछले 30 साल से नजदीक से सम्बंध रहा है। अधिवक्ता अपने काम में व्यस्त होता है लेकिन गोरखपुर के हित में जब भी कोई आंदोलन हुआ वे साथ रहे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता चेम्बर बनना एक शुरुआत है अंत नहीं यहां 1908-09 में बना कलेक्ट्रेट भवन जर्जर हो गया था।

अब यहां एकीकृत भवन बनने जा रहा है। सभी जिला स्तरीय कार्यालय यहीं होगा। उस समय अधिवक्ता संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्हें दूर नहीं जाना होगा। सभी कोर्ट एक जगह होंगे। सरकार की ओर से नए अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्था की गई है। अधिवक्ता कल्याण निधि बढ़ाई गई है। हाई कोर्ट इलाहाबाद में 10 हजार अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला कोर्ट का भवन बहुत अच्छा बन जाता है लेकिन हम भूल जाते हैं कि न्याय की गति को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अधिवक्ता की है। इसलिए उनके लिए भी सुविधा जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में जिला कलेक्ट्रेट के अधिवक्ता चेम्बर लिए प्रस्ताव मांगे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें तकनीक से जुड़ेंगे। जितना इससे जुड़ेंगे उतना ही पीड़ित को न्याय दिला पाएंगे। तकनीक की महत्ता को देखते हुए यहां डिजिटल लाइब्रेरी दे रहे हैं। बताया गया है कि 109 साल पुरानी लाइब्रेरी भी यहां है। जिसका भवन जर्जर है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि उसका प्रस्ताव बनाकर भेजें। यहां अच्छी लाइब्रेरी बननी चाहिए। लाइब्रेरी सकारात्मक संदेश देती है, ज्ञान देती है।

उन्होंने कहा कि यहां कलेक्ट्रेट के पुराने भवन ने 100 साल तक लोगों को न्याय दिया है। अब नए भवन का डीपीआर तैयार हो रहा है। जैसे ही प्रस्ताव आएगा उसे मंजूरी देकर निर्माण शुरू कराएंगे। नए भवन के जरिए अगले 100 साल तक न्याय दिलाने की व्यवस्था करेंगे।उन्होंने कहा कि यहां से इंसेफेलाइटिस खत्म हो चुकी है। इससे 40 वर्ष में 50 हजार से अधिक बच्चों की जान पूर्वी उत्तर प्रदेश में गई है। कुछ करने के लिए इच्छा शक्ति होनी चाहिए। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी। वे परिवारवाद, गुंडागर्दी, अराजकता को बढ़ावा देते थे।

इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण के लिए व्यवस्था देने के लिए मेडिकल कालेज से कमिश्नरी तक निकलने वाली पद यात्रा सफल हुई। इसी को साधना का सिद्ध होना कहते हैं। इस आंदोलन में सभी संगठन इसमें शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है तो नए उत्तर प्रदेश में नया गोरखपुर है और उसी में कलेक्ट्रेट भवन से पहले अधिवक्ता चेम्बर आ गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आपके साथ है। आपके हितों का संरक्षण करेगी। हितों का संरक्षण करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ेंगे।

## जयपुर से मुंबई आ रही ट्रेन में फायरिंग



आरपीएफ जवान ने एसआई सहित 4 लोगों को उतारा मौत के घाट

**मुंबई, एजेंसी।** जयपुर से मुंबई आ रही ट्रेन में फायरिंग की घटना सामने आई है। पालघर रेलवे स्टेशन के पास आरपीएफ के जवान ने ट्रेन में सवार आरपीएफ के एएसआई समेत 4 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना सोमवार सुबह 5 बजे के करीब पेश आई है। गोली चलाने वाले आरोपी आरपीएफ जवान चेतन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है।

बताया जा रहा है कि पालघर स्टेशन पार करने के बाद प्फ्ढा जवान ने चलती ट्रेन में आरपीएफ के एक एएसआई और तीन अन्य यात्रियों को गोली मार दी। इसके बाद आरोपी जवान ने ट्रेन की चेन खिंचकर बोरिवली स्टेशन के पास ट्रेन से कूद गया। हालांकि ओरोपी जवान को भागने से पहले ही हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि जवान ने अपने स्वचालित हथियार से गोलियां चलाकर ट्रेन में सवार एक अन्य आरपीएफ जवान तथा तीन यात्रियों की हत्या कर दी। यह ट्रेन जयपुर से मुंबई आ रही थी। अधिकारी के मुताबिक, चेतन कुमार चौधरी ने अपने एस्कॉर्ट ड्यूटी प्रभारी एएसआई टीका राम मीणा को चलती ट्रेन में गोली मार दी। अपने सीनियर को गोली मारने के बाद वह एक अन्य बोगी में गया और उसने तीन यात्रियों को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि आरोपी को पकड़ लिया है। शवों को भी ट्रेन से बाहर निकाल लिया गया है।

## ओडिशा के रायगड़ा में बड़ा हादसा, निर्माणाधीन पुलिया गिरने से 4 बच्चों सहित पांच लोगों की मौत

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के रायगड़ा जिले में सोमवार को एक निर्माणाधीन पुलिया के ढह जाने से चार बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। यहां मिली रिपोर्टों में कहा गया है कि दुर्घटना तब हुई जब सभी पांच लोग रायगड़ा जिले के कल्याणसिंहपुर ब्लॉक के उपरासाजा गांव में पुलिया के नीचे नहा रहे थे, तभी पुलिया का एक हिस्सा ढह गया।

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। श्री पटनायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपए की अनुग्रह राशि मंजूर की और अधिकारियों को दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पैर फिसला और नहीं बना पाए संतुलन...

## खतरनाक स्टंट के लिए मशहूर ल्यूसिडी की 68वीं मंजिल से गिरकर मौत

**हांगकांग ,एजेंसी।** अपने खतरनाक स्टंट के लिए मशहूर 30 वर्षीय रेमी ल्यूसिडी की हांगकांग के 68 मंजिला ट्रेगुंटर टॉवर परिसर से गिरने के बाद मौत हो गई। उनके फैन्स के लिए ये खबर बेहद दुखद है। 30 वर्षीय रेमी लुसिडी इमारत में करतब दिखाने के लिए घुसे थे लेकिन वह माना जा रहा है कि वह ऊपरी मंजिल के पेंटहाउस के बाहर फंस गए थे।

मदद पाने की बेताब कोशिश में, उसने हड़बड़ी में एक खिडक़ी पर दस्तक दी, जिससे अंदर मौजूद एक नौकरानी चौंक गई। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह खुद को काबू में नहीं कर पाएं और 68वीं मंजिल से गिर गए। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, हांगकांग के अधिकारियों के अनुसार, मिस्टर ल्यूसिडी को शाम करीब 6 बजे इमारत में देखा गया और उन्होंने गेट पर सुरक्षा गार्ड को बताया कि वह 40वीं मंजिल पर एक दोस्त से मिलने आए हैं। मीडिया आउटलेट ने बताया कि कथित मित्र द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद कि वह ल्यूसिडी से परिचित नहीं था सुरक्षा द्वार ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन तब तक वह पहले से ही लिफ्ट में था। सीसीटीवी फुटेज में मिस्टर ल्यूसिडी को 49वीं मंजिल पर आते और बाद में इमारत के शीर्ष पर सीढ़ी चढ़ते हुए दिखाया गया है। लोगों को छत की ओर जाने वाली खिडक़ी खुली हुई मिली, लेकिन उनका कहना है कि वह आदमी कहीं नहीं मिला। हालाँकि, उन्हें शाम 7.38 बजे कॉम्प्लेक्स के पेंटहाउस की खिडक़ी पर थपथपाते हुए जीवित देखा गया, जिससे अपार्टमेंट की एक नौकरानी को पुलिस को फोन करना पड़ा।

## कर्नाटक में फिर हुई टमाटरों की लूट!

### जयपुर जा रहा ट्रक 'लापता', लाखों का माल लदे होने का दावा



**बेंगलुरु, एजेंसी।** देशभर में टमाटर की आसमान छूती कीमतों ने इसे बेशकीमती बना दिया है। टमाटर के बढ़े हुए दाम अच्छे-अच्छों की हालत खराब कर दे रहे हैं। वहीं, ऐसे में टमाटर को लेकर तमाम ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जो चौंकाने वाली हैं। इसी कर्म में जयपुर जाने वाला टमाटर से भरा एक ट्रक कर्नाटक से जुड़ी एक और डकैती में गायब हो गया।

एक व्यापारी ने दावा किया है कि ट्रक के लापता होने के बाद से उसका अपने ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर से संपर्क टूट गया है। यह टमाटरों से भरा ट्रक कोलार जिला मुख्यालय शहर से 11 टन टमाटर लेकर राजस्थान की राजधानी जयपुर जा रहा था। कोलार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें व्यापारी ने आरोप लगाया है कि ट्रक में 21 लाख रुपये के टमाटर लदे थे।

आपको बता दें कि कोलार, जहां से इन टमाटरों उपज निकलती थी, वहां के कृषि उपज बाजार समिति के प्रतिनिधियों ने टमाटर की कीमत 160 रुपये प्रति किलोग्राम आंकी है। शिकायत के अनुसार, 750 बक्सों से भरा ट्रक 27 जुलाई को कोलार में स्थानीय 'मंडी' से निकला था। ट्रक को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से ट्रैक किया जा रहा था, कोलार से निकलने के बाद जाहिर तौर पर लगभग 1,800 किमी की दूरी तय कर चुका था। इसे स्थानीय सब्जी बाजार में आपूर्ति के लिए जयपुर में शनिवार रात तक अपने गंतव्य तक पहुंचना था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि ट्रक के अपने समय पर गंतव्य तक ना पहुंचने पर व्यापारी ने ड्राइवर से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसका फोन बंद था। इसके बाद संबंधित व्यापारी ने कोलार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि ट्रक गायब हो गया है।

पुलिस अधिकारी ने कहा, "कोलार स्थित व्यापारियों में से एक से प्राप्त शिकायत के आधार पर, हमने मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। मामले में अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है क्योंकि हमें यह सत्यापित करना था कि क्या ड्राइवर अपने गंतव्य के रास्ते में किसी दुर्घटना का शिकार हुआ था या टमाटर चोरी हो गए थे। इसलिए, एक जांच शुरू की गई और हमने मामले में शिकायतकर्ता से विवरण एकत्र किया।"

## मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के साथ छेड़छाड़, 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मेदिनीनगर ,(एजेंसी)।** झारखंड के पलामू जिले में मुहर्रम के जुलूस के दौरान राष्ट्रीय ध्वज के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप लगे हैं। इस मामले में 18 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक यह घटना चैनपुर थाना क्षेत्र में बीती शाम को उस समय हुई जब मुहर्रम का एक जुलूस शाहपुर, कल्याणपुर और कंकारी जैसे इलाकों से होकर गुजरा। यह क्षेत्र राजधानी रांची से करीब 175 किलोमीटर दूर स्थित है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषभ गर्ग ने कहा कि जुलूस के दौरान संगीत बजाया गया और राष्ट्रीय ध्वज लहराया गया, ध्वज के साथ कथित छेड़छाड़ का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। उन्होंने कहा कि ध्वज के रंग राष्ट्रीय ध्वज के समान ही थे, लेकिन उसमें अशोक चक्र गायब था।

# सेना में चल रहा अंतरिक्ष और साइबर युद्ध क्षमताएं बढ़ाने पर मंथन



विश्वभर में इन क्षेत्रों में काफी खतरे बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तीन थिएटर कमानों के गठन की दिशा में आगे बढ़ने के साथ ही सैन्य मामलों का विभाग (डीएमए) अपनी साइबर व अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं का और विस्तार एवं अपग्रेडेशन करने पर मंथन कर रहा है।साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र में खतरों से निपटने और इन क्षेत्रों में भारत की आक्रमक क्षमता निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्ष पहले डिफेंस साइबर एजेंसी और डिफेंस स्पेस एजेंसी के गठन को मंजूरी प्रदान की थी। इन एजेंसियों का नेतृत्व सेना के मेजर जनरल रैंक के अधिकारी करते हैं।

एक सरकारी सूत्र ने बताया कि युद्ध में साइबर क्षेत्र के बढ़ते इस्तेमाल के कारण डीएमए साइबर एजेंसी का और विस्तार करने एवं चुनौतियों से निपटने के लिए और मजबूती हासिल करने की संभावना पर विचार कर रहा है। यूक्रेन युद्ध में साइबर क्षेत्र का काफी इस्तेमाल देखा गया है और हमारा अपना अनुभव भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा कि इसी तरह हाल के वर्षों में दुश्मन देशों ने अंतरिक्ष में कई लांच और अन्य तैनातियां की हैं। हमें भी अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारी क्षमताओं को मजबूत करने की जरूरत है ताकि थिएटर कमानों को खतरों का आकलन करने और उनसे निपटने में मदद मिल सके।

सूत्रों ने बताया कि डिफेंस साइबर एवं स्पेस एजेंसियों के साथ-साथ गठित असैन्य एजेंसियों ने भी पिछले कुछ वर्षों में अपनी क्षमताओं में काफी प्रगति की है। लेकिन इन क्षेत्रों में बढ़ती वैश्विक गतिविधियों और तीव्र शस्त्रीकरण के कारण दोनों एजेंसियों की क्षमता बढ़ाने और अपग्रेड करने की जरूरत है। सेनाएं इन एजेंसियों में स्थायी एवं दीर्घकालिक साइबर एवं अंतरिक्ष विशेषज्ञों को रखने पर विचार कर रही हैं ताकि लंबे समय तक उन्हें उनकी विशेषज्ञता का लाभ मिल सके।

इन एजेंसियों के आकार में उल्लेखनीय वृद्धि की जरूरत के मद्देनजर इन्हें लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारियों के तहत भी लाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के तहत काम करने वाले डीएमए को सरकार ने थिएटर कमानों के गठन का काम सौंपा है। इसके लिए विचार-विमर्श जारी है और इसके ढांचे को जल्द ही अंतिम रूप दिया जा सकता है।

शिकायत के अनुसार 750 बक्सों से भरा ट्रक 27 जुलाई को कोलार में स्थानीय मंडी से निकला था। ट्रक को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से ट्रैक किया जा रहा था कोलार से निकलने के बाद जाहिर तौर पर लगभग 1800 किमी की दूरी तय कर चुका था। इसे स्थानीय सब्जी बाजार में आपूर्ति के लिए जयपुर में शनिवार रात तक अपने गंतव्य तक पहुंचना था।

## बिजनौर में एक और युवती बनी तेंदुए का निवाला

**बिजनौर ,(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में आदमखोर तेंदुए ने एक और युवती की जान ले ली है। रेहड़ थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव मे बीती देर शाम जंगल से परिवार के सदस्यों के साथ चारा लेकर घर लौट रही 18 वर्षीय जमना पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। उसने युवती की गर्दन अपने जबड़े में ले ली और उसे खींचकर जंगल की तरफ भागने लगा। इस बीच बाकी परिवार के सदस्यों के शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े, तो वह उसे छोडक़र भाग निकला, लेकिन खून से लथपथ युवती ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बता दें कि पिछले 20 दिनों मे बिजनौर में तीन लोग तेंदुए का निवाला बन गए हैं। तेंदुए के हमले में मारी गई युवती के घर में कोहराम मचा है। तेंदुए की वजह से पूरे जिले के कम से कम दो दर्जन गांवों में दहशत की स्थिति है। वन विभाग ने तेंदुए को पकडऩे के लिए इलाके में कई जगहों पर पिंजड़े और ट्रैपिंग कैमरे लगाए हैं,

## अरनिया सेक्टर में भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहा था घुसपैठिया, बीएसएफ जवानों ने किया ढेर



**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सतर्क जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया और एक घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि बीएसएफ जवानों ने अरनिया क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार 30-31 जुलाई की मध्यरात्रि में एक संदिग्ध गतिविधि देखी और एक घुसपैठिए को बाड़ की ओर आते देखा।

उन्होंने कहा कि सतर्क सैनिकों ने एक घुसपैठिए को ढेर कर दिया और घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इससे पहले एक जून को सांबा सेक्टर में बीएसएफ जवानों ने एक घुसपैठिए को मार गिराया था।

सैन्य मामलों का विभाग अपनी साइबर व अंतरिक्ष युद्ध क्षमताओं का और विस्तार एवं अपग्रेडेशन करने पर मंथन कर रहा है।साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र में खतरों से निपटने और इन क्षेत्रों में भारत की आक्रमक क्षमता निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच वर्ष पहले डिफेंस साइबर एजेंसी और डिफेंस स्पेस एजेंसी के गठन को मंजूरी प्रदान की थी।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की तिरुवनंतपुरम में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**तिरुवनंतपुरम ,(एजेंसी)।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से शारजाह जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इसके बाद सोमवार को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया।

सुबह 10.53 बजे 154 यात्रियों और चालक दल को लेकर तिरुचिरापल्ली से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद खबर आई कि इसे इमरजेंसी लैंडिंग कराने की जरूरत है।

करीब 50 मिनट तक हवा में रहने के बाद यह तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे पर सुरक्षित उतर गया। पूर्ण आपात स्थिति के अलावा हवाईअड्डे पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

## बसपा की एकला चलो की घोषणा, लेकिन माहौल से तय होगा गठबंधन का रास्ता

**लखनऊ,(एजेंसी)।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए फूंक फूंक कर कदम रख रही मायावती इस बार कई नए फार्मूले पर काम कर रही हैं। अभी तक वह न एनडीए में हैं और न ही विपक्ष इंडिया में शामिल हुई हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो आगे आने वाले चार राज्यों के चुनाव में नतीजों के माहौल के बाद अकेले चलने या किसी गठबंधन में जाने का फैसला कर सकती हैं।

जानकारों की मानें तो लगातार चुनावों में हार का मुंह देख रही बसपा लोकसभा जीतने के लिए इस समय तीन फॉर्मूले पर काम कर रही है। मायावती ने पहले कहा था कि हम किसी गठबंधन में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने एनडीए के साथ दूरी बनाए रखी तो वहीं विपक्षी एकजुटता की पूरी कवायद से भी। लेकिन कुछ दिनों बाद उनके रुख में बदलाव आया है और उन्होंने चुनाव बाद गठबंधन के संकेत दिए हैं तो इसके भी अपने मायने हैं। जिन चार राज्यों में इस साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें से तीन में भाजपा और कांग्रेस मुख्य प्रतिद्वंदी है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है।इन राज्यों में सरकार भाजपा या कांग्रेस में किसी की सरकार बनेगी। ऐसे में बसपा जिसकी सरकार बनेगी उस ओर रुख कर सकती हैं।अभी वह माहौल भांफ रही हैं। इसीलिए उन्होंने 'बैलेंस ऑफ पावर' का हवाला देते हुए संकेत दिया है कि भविष्य में वह किसी गठबंधन का हिस्सा जरूर बन सकती हैं।बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारी कहते हैं कि पार्टी को समझ में आ गया है कि सत्ता में रहने से लोग जुड़ते हैं, बाहर रहने पर लोग टूट जाते हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि बसपा चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भी अपना ऑफर दे रही है। इसके अलावा एक चर्चा ने और जोर पकड़ा है। इंडिया और एनडीए के इतर तीसरा ऐसा मोर्चा बनाया जाए जो इतना मजबूत हो कि सरकार चाहे किसी की भी बने, उसे मजबूर कर दे। यानी राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए मायावती ने अपने नए फार्मूले पर काम शुरू कर दिया है।

# टेस्ट क्रिकेट में इस खिलाड़ी ने की आखिरी बार बल्लेबाजी, मिला गार्ड ऑफ ऑनर



लंदन , इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को रविवार को ओवल में पांचवें और अंतिम एशेज टेस्ट के चौथे दिन टेस्ट क्रिकेट में आखिरी बार बल्लेबाजी करने के लिए बाहर निकलते समय ऑस्ट्रेलिया की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर मिला।

37 वर्षीय ब्रॉड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद घोषणा की थी कि वह खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने 602 टेस्ट विकेट के साथ अपना करियर समाप्त किया और 600 से अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले सिर्फ दो तेज गेंदबाजों में से एक बन गए, उनके साथ लंबे समय तक गेंदबाजी साथी रहे जेम्स एंडरसन भी यह कारनामा कर चुके हैं जो मैच के चौथे दिन ब्रॉड के साथ बल्लेबाजी करने आए थे।

जैसे ही ब्रॉड और एंडरसन अपनी दूसरी पारी में इंग्लैंड की पारी को 389/9 से आगे बढ़ाने के लिए बाहर निकले, ऑस्ट्रेलिया टीम की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर और ओवल में दर्शकों की खचाखच भीड़ ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका स्वागत किया।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बताया, जिस क्षण ब्रॉड और एंडरसन एक साथ बाहर निकले, मैं और मेल जोन्स लगभग स्वस्थ हो गए! ब्रॉडी ने जिमी के चारों ओर अपना हाथ रखा और कहा, 'आइए एक साथ गार्ड ऑफ ऑनर से गुजरें, हम ज्यादातर चीजों से एक साथ गुजरे हैंइ लेकिन जिमी ने स्थिति को पूरी तरह से समझ लिया। यहां तक कि कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने ब्रॉडी के अंतिम मैच में तालियां भी बजायीं। यह भावनात्मक क्षण था।

ब्रॉड मिशेल स्टार्क की पहली पांच गेंदों पर रन नहीं बना सके, लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को मिडविकेट के ऊपर से छक्का मारने में सफल रहे। यह टेस्ट क्रिकेट में ब्रॉड की आखिरी गेंद साबित हुई, क्योंकि एंडरसन, जो रविवार को 41 साल के हो गए, अगले ओवर में ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। एंडरसन के आउट होने का मतलब था कि इंग्लैंड 81.5 ओवर में 395 रन पर आउट हो गया, जिससे ऑस्ट्रेलिया को 384 रन का लक्ष्य मिला, ब्रॉड का लक्ष्य अपने अंतिम टेस्ट मैच में अधिक विकेट लेना और मेजबान टीम को मौजूदा एशेज श्रृंखला 2–2 से बराबर करने में मदद करना है।

## इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने क्रिकेट जगत को चौंकाया, कर दी संन्यास की घोषणा

लंदन ,। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही एशेज सीरीज के अंत में खेल से संन्यास लेने के अपने फैसले की घोषणा की है।

ब्रॉड ने ओवल में अंतिम एशेज टेस्ट के तीसरे दिन के अंत में अपने 17 साल पुराने करियर को अलविदा कह दिया।

ब्रॉड ने कहा, कल या सोमवार मेरा क्रिकेट का आखिरी मैच होगा। यह एक अद्भुत यात्रा रही, मेरे लिए नॉटिंघमशायर और इंग्लैंड बैज पहनना एक बड़ा सौभाग्य है।

ब्रॉड, जिन्होंने 2007 में श्रीलंका के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था, क्रिकेट के सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाने जाएंगे, जो टेस्ट विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में पांचवें स्थान पर हैं।

टीम के साथी जेम्स एंडरसन के साथ ब्रॉड अपने देश के लिए 600 टेस्ट विकेट लेने वाले केवल दो तेज गेंदबाजों में से एक हैं और उन्होंने इस सप्ताह ओवल में अपने अंतिम गेम में अपना 150 वां एशेज विकेट लिया।

# वारसॉ ओपन : जर्मनी की सीजमंड ने मारिया पर जीत के साथ फ़ाइनल में जगह बनायी



वारसॉ , जर्मन टेनिस खिलाड़ी लौरा सीजमंड ने बीती रात अपनी हमवतन तात्जाना मारिया को 5–7, 6–3, 6–4 से हराकर वारसॉ ओपन के फाइनल में प्रवेश किया।

मारिया ने शुरुआती सेट दो ब्रेक के साथ 7–5 से जीत लिया। सीजमंड, जिसने कुछ घंटे पहले अपना क्वार्टर फाइनल पूरा किया था, मजबूत सर्विस के साथ दूसरे सेट को अपने पक्ष में करने में कामयाब रही और लगातार तीन गेम जीतकर मैच में 1–1 से बराबरी कर ली। तीसरा सेट बहुत कड़ा साबित हुआ, लेकिन सीजमंड ने 5–4 की बढ़त बना ली और फाइनल में पहुंचने के लिए मारिया की सर्विस तोड़ दी।

दूसरा सेमीफाइनल खराब रोशनी के कारण स्थगित कर दिया गया क्योंकि इगा स्वीयाटेक फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर हैं। पोल खिलाड़ी ने पहला सेट 6–1 से जीता और संघर्ष रुकने से पहले दूसरे सेट में 5–5 से बराबरी कर ली। यह टूर्नामेंट के आखिरी दिन रविवार को भी जारी रहेगा।

युगल फाइनल में, वेरोनिका फल्कोव्स्का और कटारज़ीना पीटर का सामना ब्रिटेन की हीथर वॉटसन और बेल्जियम की यानिना विकमेयर से होगा, पोलिश जोड़ी ने चीन की वांग ज़ियू और चेक खिलाड़ी लिंडा नोस्कोवा पर 6–4, 6–4 से जीत दर्ज की।

एक अन्य चीनी खिलाड़ी युआन यू और उनकी जोड़ीदार अंकिता रैना को वॉटसन और विकमेयर ने सेमीफाइनल में हरा दिया।

# भारतीय टीम में हुई बुमराह की वापसी, आयरलैंड के खिलाफ टी20 में करेंगे कप्तानी

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आयरलैंड दौरे के लिए टी20क टीम की घोषणा कर दी है। चोट के बाद वापसी कर रहे जसप्रीत बुमराह (खं२स्त्र१३ इ४१ॅ) को टीम का कप्तान बनाया गया है। वहीं, ऋतुराज गायकवाड़ को उपकप्तानी का जिम्मा सौंपा गया है। टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

बीसीसीआई ने आयरलैंड दौरे के लिए सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया है। एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए चयन समिति ने यह फैसला लिया है। आयरलैंड के खिलाफ राष्ट्रीय चयन समिति ने जो टीम चुनी है। उसमें आईपीएल 2023 के स्टार खिलाड़ियों को मौका दिया है।

बुमराह को बनाया गया कप्तान

पीठ की चोट से उबरने वाले भारतीय टीम के स्टार जसप्रीत



बुमराह को टीम का कप्तान बनाया गया है। जसप्रीत बुमराह सर्जरी के बाद से एनसीए में रिहैब पर थे। पिछले कुछ महीने से उनका बॉलिंग करते हुए वीडियो वायरल हुए थे। वनडे विश्व कप और एशिया कप से पहले जसप्रीत बुमराह अपनी लय प्राप्त करने को देखेंगे।

**रिंकू सिंह को टीम में मिली जगह**

आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए एक ओवर में पांच छक्के जड़ने वाले रिंकू सिंह को भारतीय टीम से बुलावा आया है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स के मध्यक्रम के बल्लेबाज शिवम दुबे की भी भारतीय टीम में वापसी हुई है। संजू सैमसन को भी मौका दिया गया है।

आयरलैंड के खिलाफ टी20क के लिए भारतीय टीम–

जसप्रित बुमराह (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप–कप्तान), यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, आवेश खान।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने मेजबान स्पेन को 3—0 से हराकर खिताब जीता

बार्सिलोना । भारतीय महिला हॉकी टीम ने मेजबान स्पेन को 3–0 से हराकर स्पेनिश हॉकी फेडरेशन की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित तीन देशों का इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीत लिया। वंदना कटारिया (22'), मोनिका (48') और उदिता (58') ने गोल किये जिससे टीम टूर्नामेंट में अपराजित रही। भारत ने अपने पिछले मैचों में इंग्लैंड के साथ 1–1 और स्पेन के साथ 2–2 से ड्रा खेला था। टेबल टॉपर्स भारत ने मजबूत शुरुआत की क्योंकि उन्होंने छोटे, सटीक पास के साथ एक अनुशासित संरचना पर काम किया जिससे उन्हें सर्कल में जगह बनाने में मदद मिली। लेकिन पहले क्वार्टर में एक भारतीय गोल नहीं हो सका। इस बीच, मेजबान टीम ने



पहले क्वार्टर के अंतिम पांच मिनटों में कुछ अच्छे मौके बनाए, लेकिन भारत की कप्तान और गोलकीपर सविता ने पोस्ट की रक्षा करते हुए शानदार बचाव किया, जब 11वें मिनट में स्पेन को पीसी मिला और उन्होंने एक संभावित खतरे को भी टाल दिया।

भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत दमदार अंदाज में की। उन्होंने एक मजबूत हमला किया, जिसमें सुशीला को 22वें मिनट में एक बेहतरीन फील्ड गोल का मौका मिला। उन्होंने सर्कल में तेजी से पास देकर नेहा गोयल की मदद की, लेकिन गोल पर नेहा का शॉट स्पेनिश गोलकीपर क्लारा पेरेज़ के पैड से टकराकर उछल गया।

इसके बाद लालरेम्सियामी ने रिबाउंड उठाया और उसे गोलकीपर के पास पहुंचा दिया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह नेट में पहुंचे, वंदना ने इसे गोल रेखा से आगे बढ़ाने के लिए हल्का सा स्पर्श किया।

भारत ने 48वें मिनट में बढ़त 2–0 कर दी जब उन्होंने पीसी हासिल करने के लिए मिलकर काम किया। शॉट लेते हुए, मोनिका गेंद को मारिया रुइज़ के पास भेजने के लिए निशाने पर थी, जिन्होंने स्पेनिश गोल पोस्ट में पेरेज़ की जगह ली थी।

2–0 की आरामदायक बढ़त के साथ भारत अच्छा प्रदर्शन करना चाह रहा था। टीम ने बचाव किया, अनुभवी दीप ग्रेस एक्का, निक्की प्रधान और सुशीला चानू ने स्पेनिश हमले को रोके रखा, जबकि फॉरवर्ड ने तीसरे गोल के लिए जोर लगाया।

मौका 58वें मिनट में आया जब आत्मविश्वास से भरी उदिता ने स्कोर करने के लिए अच्छे ड्रिब्लिंग कौशल के साथ धैर्य दिखाया और इस तरह भारत का अभियान 3–0 की शानदार जीत के साथ समाप्त हुआ।

# फिल्मी दुनियां

# संजय दत्त बने राम पोथिनेनी की डबल आईस्मार्ट का हिस्सा, जन्मदिन पर जारी हुआ पहला लुक

दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर सितारे राम पोथिनेनी इन दिनों अपनी फिल्म डबल आईस्मार्ट को लेकर चर्चा में बने हुए हैं।यह 2019 में आई फिल्म आईस्मार्ट शंकर का सीक्वल है, जिसकी शूटिंग हाल ही में मुंबई में शुरू हुई है। अब संजय दत्त भी पुरी जगन्नाथ के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का हिस्सा बन गए हैं।आज दत्त के जन्मदिन के मौके पर फिल्म से उनका लुक साझा कर इसका ऐलान किया गया है।

संजय ने ट्विटर पर फिल्म डबल आईस्मार्ट से अपने लुक को साझा करते हुए निर्देशक पुरी और अभिनेता राम के साथ काम करने को लेकर खुशी जताई। उन्होंने लिखा, इस साइंस–फिक्शन फिल्म डबल आईस्मार्ट में बिग बुल का किरदार निभाने में मुझे खुशी हो रही है। फिल्म में इस प्रतिभाशाली टीम के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हूं।अभिनेता ने यह भी बताया कि फिल्म 8 मार्च, 2024 को रिलीज होगी, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार है।



संजय के 64वां जन्मदिन के अवसर पर निर्माताओं ने उनका पोस्टर साझा कर बताया है कि वह फिल्म में बिग बुल का किरदार निभा रहे हैं।पोस्टर में अभिनेता फंकी हेयरस्टाइल में नजर आ रहे हैं और उन्होंने अपने कानों में कई सारे ईयरिंग्स पहने हुए हैं।इस दौरान बिग बुल पर बंदूक के कई टरगेट बने हुए है, लेकिन वह हाथ में सिगार पीते हुए एकदम निडर दिख रहा है।निर्देशक पुरी और चार्मी कौर इस फिल्म के निर्माता हैं।हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर जियानी जियानेली इस हाई–वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर फिल्म के लिए काम कर रहे हैं।डबल आईस्मार्ट को बड़े बजट के साथ भव्य स्तर पर बनाया जा रहा है।फिल्म से जुड़े अन्य सितारों के बारे में अभी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन कहा जा रहा है कि निर्माता जल्द ही कलाकारों का खुलासा करेंगे।यह फिल्म अगले साल 8 मार्च को महा शिवरात्रि के अवसर पर हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी। संजय 19 अक्टूबर को रिलीज हो रही थलापति विजय की फिल्म लियो में खास भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।वह दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने–माने कलाकार ध्रुव सरजा की पैन इंडिया गैंगस्टर ड्रामा फिल्म केडी– द डेविल का भी हिस्सा हैं।संजय शाहरुख खान की जवान में भी कैमियो करेंगे, जो 7 सितंबर को रिलीज हो रही है।

## बैकलेस गाउन में साक्षी मलिक ने कराया हुस्न का दीदार, बोल्ड अवतार देख फैंस हुए बेकाबू

बॉलीवुड एक्ट्रेस साक्षी मलिक आए दिन अपनी हॉटनेस भरे अंदाज में तस्वीरें शेयर कर फैंस को हैरान कर देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस का दिलों की धड़कनें तेज हो जाती हैं। हाल ही में साक्षी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी स्टाइलिश अदाएं देखकर फैंस हैरान हो गए हैं। एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपनी बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस को दीवाना बना देती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर शेयर होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही सिजलिंग और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस के बीच खलबली मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका सुपरबोल्ड लुक देखकर फैंस उनकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं।

# एटली और वरुण धवन की फिल्म इस दिन होगी रिलीज, तारीख का हुआ ऐलान

निर्देशक एटली इन दिनों शाहरुख खान की फिल्म जवान में व्यस्त हैं। यह उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म है। इस फिल्म के रिलीज से पहले ही वह अपनी दूसरी फिल्म भी शुरू कर चुके हैं। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। जवान की ही तरह यह भी एक एक्शन फिल्म है। रविवार को इस फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। एटली–वरुण की साझेदारी वाली यह फिल्म 31, मई 2024 को रिलीज होगी।

फिल्म का नाम अभी तय नहीं किया गया है। इस फिल्म का निर्माण एटली, मुराद खेतानी के साथ कर रहे हैं। इसका निर्देशन कलीस करेंगे और फिल्म में दो महिला कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार



अनुष्का शर्मा इस फिल्म का हिस्सा हैं और दूसरी अभिनेत्री की तलाश जारी है। पहले इस फिल्म के लिए जाह्नवी कपूर से संपर्क किया गया था। उनके इस फिल्म को ठुकराने के बाद फिल्म अनुष्का की झोली में आई।यह वरुण धवन की 18वीं फिल्म होगी और यह तमिल फिल्म थेरी की रीमेक है। थेरी 2016 में आई थी और इसका निर्देशन एटली ने किया था। इस फिल्म में थलापति विजय, सामंथा रुथ प्रभु और एमी जैकसन मुख्य भूमिका में थे। रीमेक के लिए एटली ने स्क्रिप्ट को नए सिरे से तैयार किया है। उत्तर भारतीय दर्शकों के हिसाब से इसमें नए किरदार और ट्विस्ट जोड़े गए हैं। रिलीज डेट के बाद दर्शकों को इसके नाम का इंतजार है।

# सुष्मिता सेन की ताली का नया टीजर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



सुष्मिता सेन की वेब सीरीज ताली काफी समय से चर्चा में है। ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गौरी सावंत के जीवन पर बनी इस सीरीज का पोस्टर पहले ही जारी हो गया था।सुष्मिता ताली से जुड़े अपडेट्स सोशल मीडिया पर शेयर करती रही हैं। अब इस शो का नया टीजर जारी हुआ है, जिसमें किन्नर के किरदार में सुष्मिता का दमदार रूप नजर आ रहा है। साथ ही इसकी रिलीज तारीख भी सामने आ गई है।

ताली 15 अगस्त से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होगी। इस शो में सुष्मिता गौरी सावंत का किरदार निभाएंगी।जियो सिनेमा के 46 सेकेंड के इस टीजर में सुष्मिता का तेज–तर्रार अंदाज नजर आ रहा है। इस टीजर के वॉयस ओवर में सुष्मिता कहती हैं, मैं गौरी, जिसे कोई हिजड़ा बुलाता है,तो कोई सोशल वर्कर, कोई नौटंकी तो कोई गेम चेंजर। ये कहानी इसी सफर की है, गाली से ताली तक।टीजर में कई दमदार दृश्य नजर आ रहे हैं।

गौरी ट्रांसजेंडर ऐक्टिविस्ट हैं। वह किन्नरों के कल्याण के लिए सखी चार चौगी नाम की संस्था चलाती हैं। यह संस्था किन्नरों में सुरक्षित यौन संबंध के प्रति जागरूकता के लिए काम करती है।उन्होंने किन्नरों के गोद लेने के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी। 2008 में उन्होंने एक पांच साल की बच्ची को गोद लिया था जिसे मानव तस्करी में धकेला जा रहा था।उन्होंने किन्नर समुदाय को कानूनी तौर पर थर्ड जेंडर बनाने की लड़ाई लड़ी थी ।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की सधी हुई शुरुआत

बॉक्स ऑफिस पर हॉलीवुड फिल्मों के दबदबे के बीच बीते दिन करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने सिनेमाघरों में दस्तक दी। रोमांस और ड्रामे से भरपूर इस फिल्म को दर्शक पसंद कर रहे हैं तो रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की जोड़ी भी शानदार लग रही है।फिल्म के पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें इसने सधी हुई शुरुआत की है।

करण ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ 7 साल बाद निर्देशन क्षेत्र में वापसी की है। ऐसे में फिल्म से काफी उम्मीदें थीं।फिल्म में रणवीर और आलिया के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन, शबाना आजमी जैसे मंझे हुए कलाकार नजर आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 11.50 करोड़ रुपये कमाए हैं।अब वीकेंड पर फिल्म के कलेक्शन में बढ़त की उम्मीद की जा रही है।

करण के निर्देशन में बनी आखिरी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल थी, जिसमें रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय नजर आए थे।फिल्म ने पहले दिन 13.25 करोड़ रुपये के



साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की थी और अब रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ओपनिंग डे कलेक्शन 11.50 करोड़ रुपये रहा है।ऐसे में करण अभी तक 2016 में आई अपनी फिल्म की पहले दिन की कमाई को पीछे नहीं छोड़ पाए हैं। क्रिस्टोफर नोलन की ओपेनहाइमर रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म में एक सीन में गीता पढ़ने को लेकर विवाद हो रहा है।जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर की बायोपिक रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही थी तो अब इसकी कमाई में गिरावट दिखी है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने अपनी रिलीज के 8वें दिन (शुक्रवार) 4.50 करोड़ रुपये कमाए हैं और अब इसका कलेक्शन 77.70 करोड़ हो गया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com